हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# अंधेरे में डूबे 34 हजार घर, 51 हजार लोगों ने घर छोड़ा, अब सुनामी का खतरा

## जापान में 90 मिनट में भूकंप के 21 झटके

पहले भीषण भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.6 मापी गई, वहीं इसके बाद एक और तेज भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5.0 थी

भूकंप के बाद वहां समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें भी उठती दिखी। साथ ही प्रशांत महासागर के अलावा केंद्र ने उत्तर कोरिया और रूस के सुदूर पूर्व के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। जापान में 7 से ज्यादा तीव्रता का भूकंप आने पर देश में सुनामी जारी की जाती है।

फुकुई प्रांत में कंसाई इलेक्ट्रिक पावर के ओही और ताकाहामा न्यूक्लियर पावर प्लांट के पांच एक्टिव रिएक्टर फिलहाल बंद किए गए

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान में सोमवार शाम को 90 मिनट के अंदर रिक्टर स्केल पर 4.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए। पहले भीषण भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.6 मापी गई, वहीं इसके बाद एक और तेज़ भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5.0 थी। समुद्र में ऊंची लहरें उठने के बाद देश के उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम किशिदा ने कहा- सुनामी की आशंका वाले इलाकों से लोग बाहर निकलें

**सुनामी रि-कॉल**


11 मार्च, 2011 को जापान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक बड़ा भूकंप और सुनामी आई थी। इस त्रासदी में लगभग 20,000 लोग मारे गए थे।



दक्षिण कोरिया के मौसम विज्ञान ने सोमवार को कहा कि जापान में आए भूकंप के बाद पूर्वी तट पर गैंगवोन प्रांत के कुछ हिस्सों में समुद्र का जल स्तर बढ़ सकता है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी भूकंप से हुए नुकसान आकलन कर रहे हैं। नागरिकों को भूकंप के और संभावित झटकों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। पीएम किशिदा ने कहा कि मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूं जहां सुनामी आने की आशंका है, वे जल्द से जल्द इलाके से बाहर चले जाएं।

### भारतीय दूतावास ने जारी किए इमरजेंसी नंबर

जापान में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए इमरजेंसी नंबर जारी किए हैं। दूतावास की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार एंबेसी ने भूकंप के बाद एक कंट्रोल रूम बनाया है। जापान में मौजूद भारतीय नागरिक नीचे दिए गए नंबरों के जरिए दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।
+81-80-3930-1715 ( याकूब टोपनो) +81-70-1492-0049 (अजय सेठी) +81-80-3214-4734 (डी.एन. बरनवाल) +81-80-6229-5382 (एस. भट्टाचार्य)
+81-80-3214-4722 (विवेक राठी)







7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद के प्रावधान का विरोध

# 8 राज्यों में थम गए पहिए

## अब आमजनों की 'जिंदगी' थमने की नौबत!

### हिट एंड रन कानून के खिलाफ भड़के ट्रक ड्राइवर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक ड्राइवरों की बेमियादी हड़ताल का सोमवार को तीसरा दिन रहा। इस दौरान 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे।

बता दें कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चलीं। जबकि राजस्थान में आधे दिन प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलीं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। पटना समेत राज्य के कई जिलों में भी ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। वहीं उत्तराखंड,पंजाब और यूपी में ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

◆ 100 अरब किमी से ज्यादा की दूरी सालाना तय करते हैं ट्रक, देश में 80 लाख से ज्यादा ड्राइवर ट्रक चलाते हैं

भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक

3 जनवरी तक चलेगी हड़ताल




**3 जनवरी तक का 'स्टेरिंग छोड़ो' अभियान**

ऑल इंडिया ट्रक और बस ड्राइवर संगठन समेत अलग-अलग ड्राइवर संगठन के लोगों ने 1 जनवरी से 3 जनवरी तक का 'स्टेरिंग छोड़ो' के नाम से चक्का जाम शुरू कर दिया है। संगठन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हिट एंड रन कानून पर विचार करे सरकार

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस(एआइएमटीसी) ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन के आह्वान पर ही चक्का जाम और हड़ताल शुरू हुई है। अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए। एआइएमटीसी के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र और ट्रक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ट्रकों की हड़ताल से आमजनों की बढ़ेगी दिक्कतें

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी। भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक हर साल 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं, जो हर दिन जरूरत का सामान एक शहर से दूसरे शहर ट्रांसपोर्ट करते हैं। हड़ताल के कारण इतनी बढ़ी संख्या में ट्रकों के रुकने से जरूरी चीजों की किल्लत हो सकती है। मध्य प्रदेश में बस ड्राइवर हड़ताल पर हैं। अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं। अकेले इंदौर में करीब नौ सौ बसें बंद हैं। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे तो पंपों पर भारी भीड़ लग गई। बालाघाट में भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा।

यूएपीए के तहत एक्शन, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उठाया बड़ा कदम

## मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को आतंकी घोषित कर दिया है। इससे पहले लखबीर सिंह को भी केंद्र सरकार आतंकी घोषित कर चुकी है। ये दोनों कनाडा में छिपे हैं। पंजाब में रंगदारी और सीमा पार से हथियार व नशे की तस्करी में भी शामिल हैं। गोल्डी बराड़ कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का खास साथी है।

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद गोल्डी बराड़ ने ही जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर ली थी। ब्रैम्पटन में छिपा गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोपी बराड़ कनाडा में छिपा है। बराड़ लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और हथियारों की तस्करी जैसे लगभग 13 मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है। सितंबर महीने में गोल्डी बराड़ के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की थी। वहीं राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ▶▶ शेष पेज 5 पर



### लखबीर सिंह भी आतंकी घोषित

गोल्डी बराड़ से पहले 30 दिसंबर यानी शनिवार को केंद्र सरकार ने लखबीर सिंह को आतंकी घोषित किया था। आतंकी लखबीर सिंह पंजाब में आरपीजी हमले का मास्टरमाइंड है। इससे पहले एनआईए 15 लाख रुपए का इनाम लखबीर के खिलाफ घोषित कर चुकी है। पंजाब के तरनतारन जिले के हरिके गांव का रहने वाला लखबीर फिलहाल कनाडा में छिपा है। एनआईए ने उसके खिलाफ पिछले साल 20 अगस्त को आईपीसी की धारा 120बी, 121, 121ए और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) 1967 की धारा 17, 18, 18-बी और 38 के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का मामला दर्ज किया था।लखबीर सिंह 2017 में हत्या, हत्या के प्रयास और एनडीपीएस में नामजद होने के बाद कनाडा भाग गया था। 2021 में अमृतसर के पट्टी में दो अकाली कार्यकर्ताओं की हत्या में उसका नाम आया था।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी कलेक्शन हुआ 1.65 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दिसंबर के जीएसटी कलेक्शन की आंकड़े सरकार ने जारी कर दिए हैं। वित्त मंत्रालय की



रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 10.28 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। दिसंबर 2022 में सरकारी खजाने में जीएसटी के जरिए 1.50 लाख करोड़ रुपए आया था। जीएसटी कलेक्शन दिसंबर के महीने में अपने सबसे कम रहा।

### टॉर्न जींस में जगन्नाथ मंदिर में नो एंट्री

**ओडिशा।** श्री जगन्नाथ मंदिर के कपाट खुल गए हैं। मंदिर प्रशासन ने ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया है। नए आदेशों के मुताबिक अब 12वीं



सदी के इस मंदिर के परिसर में गुटखा और पान खाने से लेकर प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। भक्तों को मंदिर में प्रवेश करने के लिए सभ्य कपड़े पहनने होंगे। मंदिर में भगवान के दर्शनों के लिए हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस पहनकर आने वाले भक्तों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

108 स्थानों पर हुआ आयोजन

## गिनीज बुक में दर्ज हो गया गुजरात का सूर्य नमस्कार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



नए साल पर गुजरात ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। गुजरात के मोढेरा सूर्य मंदिर में सुबह के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष संघवी ने भी भाग लिया।

इस मौके पर 4,000 से अधिक लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। सबसे दिलचस्प बात ये है कि नए साल के सूर्योदय के साथ ही राज्य ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा लिया है। यह कार्यक्रम मोढेरा में स्थित सूर्य मंदिर में सोमवार सुबह हुआ। लोगों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निरीक्षक स्वप्निल डांगरीकर भी पहुंचे थे। यहां वह सूर्य नमस्कार करने वाले सबसे अधिक लोगों के रिकॉर्ड को सत्यापित करने के पहुंचे थे। इस सफल आयोजन को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सराहना की। इससे पहले इस तरह से किसी ने भी इस रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया।

इसरो ने रच दिया इतिहास

## ब्लैक होल का अध्ययन करने के लिए भेजा गया सैटेलाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इसरो ने नए साल पर नया इतिहास रच दिया है। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने साल के अपने पहले अंतरिक्ष मिशन में एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट को लॉन्च कर दिया है।

इस मिशन के माध्यम से अमेरिका के बाद भारत ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए एक विशेष सैटेलाइट भेजने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया। यह मिशन करीब पांच साल का होने वाला है। इसरो के चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन के बाद यह देश का अंतरिक्ष अन्वेषण की दिशा में एक नया ऐतिहासिक कदम होगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर लिखा-मिशन का सफल प्रक्षेपण। ऐसे समय में अंतरिक्ष विभाग के साथ जुड़ने पर गर्व है, जब टीम इसरो पीएम मोदी के संरक्षण से एक के बाद एक सफलता हासिल कर रही है। इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच वर्ष का होगा।




11 हजार धर्माचार्यों के माध्यम से देश के सभी राज्यों में आयोजन की तैयारियां

# तवांग से लेकर कच्छ और कश्मीर से कन्याकुमारी तक जलेगी श्रीराम ज्योति

**आज से 21 दिन तक लगातार कवरेज**

## हर घर में कम से कम एक दीपक जलाने के लिए तैयारियां




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद देश में 22 जनवरी को एक बार फिर से 'दीपावली' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए बाकायदा देश के अलग-अलग धार्मिक संगठनों ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सोमवार से ही विश्व हिंदू परिषद का 'अक्षत अभियान' शुरू



### देश के अलग-अलग हिस्सों में यात्राएं लगातार निकाली जा रहीं

उनके संगठन से जुड़े ग्यारह हजार आचार्य अलग-अलग मंदिर, प्रतिष्ठानों और सामाजिक संगठन के सहयोग से हर घर में कम से कम एक दीप जलाने के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। हाल में ही राजस्थान से श्रीराम ज्योति यात्रा अयोध्या पहुंची। जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरीके की यात्राएं लगातार निकाली जा रही हैं। गुड़गांव में रविवार को निकाली गई श्रीराम ज्योति यात्रा के समन्वयक ▶▶ शेष पेज 5 पर

राम मंदिर को लेकर भाजपा ने आज बुलाई बड़ी बैठक

### जेपी नड्डा और अमित शाह भी रहेंगे मौजूद

राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने मंगलवार को एक बड़ी बैठक करने जा रही है। इस बैठक में हर प्रदेश से पार्टी के दो पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी इस मीटिंग में शिरकत करेंगे। यह मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी।

# अदालतें नाबालिगों से जुड़े यौन अपराध मामलों को यांत्रिक रूप से नहीं ले : हाईकोर्ट

## पीड़िता की याचिका को खारिज करने के निचली अदालत के फैसले को किया रद्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि नाबालिगों से जुड़े यौन अपराध के मामलों में प्राथमिकी महज छपे हुए कुछ कागज नहीं होते हैं, बल्कि यह उनके लिये बहुत बड़ा आघात होते हैं तथा ऐसे तनावपूर्ण एवं जीवन बदल देने वाले अनुभव का सामना करने वाले पीड़ितों के मुकदमों को अदालतों को यांत्रिक तरीके से नहीं निपटाया जाना चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट यह कहा है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अदालतों को ऐसे पीड़ितों की भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए क्योंकि उन्हें इस आघात के कारण घटना का सटीक विवरण देने में कठिनाई हो सकती है। कथित घटना की तारीख के संबंध में बयानों में विसंगति के आधार पर आरोपी की सीसीटीवी फुटेज और कॉल डेटा रिकॉर्ड को संरक्षित करने की एक नाबालिग पीड़िता की याचिका को खारिज करने के निचली अदालत के फैसले को खारिज करते हुए अदालत की यह टिप्पणी आयी है। न्यायमूर्ति स्वर्णाकांता शर्मा ने कहा कि पीड़िता मानसिक आघात के दौर से गुजर रही थी, इसलिये वह कथित घटना की सही तारीख याद कर पुलिस को बताने में अक्षम थी और निचली अदालत को मामले में सहानुभूति और संवेदनशीलता बरतनी चाहिये थी। पीड़िता के साथ उसके बहनोई और उसके दो साथियों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया था। अदालत ने कहा कि कथित पीड़िता इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज की देखरेख में थी। अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के बाद, उसने उन तारीखों पर भ्रम को स्पष्ट किया जब उसके साथ मारपीट की गई थी और जांच अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए एक आवेदन दायर किया था कि वह सही तारीख का सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर एकत्र करें। अदालत ने कहा कि दुर्भाग्य से, वर्तमान मामले में, विद्वान निचली अदालत ने साक्ष्य के एक महत्वपूर्ण हिस्से को संरक्षित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

■ पीड़ितों की भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के प्रति संवेदनशील रहना रहे

## वर्ष 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं : आयोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को पिछले साल महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें से लगभग 55 प्रतिशत उत्तर प्रदेश से थीं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा शिकायतें गरिमा के अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल है। ऐसी शिकायतों की संख्या 8,540 थी। इसके बाद घरेलू हिंसा की 6,274 शिकायतें आईं। आंकड़ों में कहा गया कि दहेज उत्पीड़न की 4,797, छेड़छाड़ की 2,349, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 1,618 और बलात्कार तथा बलात्कार के प्रयास की 1,537 शिकायतें मिलीं। आयोग के अनुसार, यौन उत्पीड़न की 805, साइबर अपराध की 605, पीछा करने की 472 और झूठी शान से संबंधित अपराध की 409 शिकायतें दर्ज की गईं। आंकड़ों में कहा गया कि उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक 16,109 शिकायतें मिलीं, जिसके बाद दिल्ली से 2,411 और महाराष्ट्र से 1,343 शिकायतें प्राप्त हुईं। वर्ष 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था।

## नोएडाः पुलिस की जीप को पिकअप ने मारी टक्कर, दरोगा की मौत



**नोएडा।** जिले के थाना फेस -1 में पुलिस की एक जीप को पिकअप वैन ने टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने सोमवार को बताया कि थाना फेस- 1 में तैनात उपनिरीक्षक रामकिशोर (उम्र 54 वर्ष) बीती रात को सरकारी गाड़ी थार पर सवार होकर सेक्टर -2 में गश्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान सेक्टर दो चौराहे पर एक पिकअप वैन के चालक ने तेज गति से और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पुलिस की जीप को टक्कर मार दी। चंदर ने बताया कि इस घटना में उप निरीक्षक रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दूसरे राज्य से आने वाले लोगों को बनाते थे निशाना

# कोतवाली इलाकाः ऑटो में बैठाकर लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ऑटो में बैठाकर लूटपाट करने वाले गैंग के तीन बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंची। इनके निशाने पर विशेष रुप से दूसरे राज्य से आने वाले लोग ज्यादा होते थे।

डीसीपी नार्थ मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 26 दिसंबर की तड़के करीब चार बजे वेस्ट विनोद नगर निवासी रोहित (24) पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रानीखेत से ट्रेन के जरिये पहुंचा था। वह सड़क पर किसी सवारी वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी उसके पास एक ऑटो आकर रुका। लक्ष्मी नगर जाने के लिये वह ऑटो में सवार हो गया। ऑटो में पहले से दो लोग सवार थे। जैसे ही ऑटो गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर पहुंचा, तो चालक ने अचानक ऑटो रोक दिया और पिछली सीट पर बैठे व्यक्तियों के साथ मिलकर चालक ने रोहित की पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद उसका मोबाइल, कैश और बैग लूट बदमाश फरार हो गये थे। इस घटना को लेकर कोतवाली थाने में लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था।

### एक हजार रुपये प्रतिदिन के किराए पर चलाते थे ऑटो

एसीपी विजय सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच के दौरान ऑटो का पता लगाया और फिर उसके चालक जिशान को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। वह अपने दूसरे शिकार की तलाश में था। उससे पूछताछ के बाद उसके गैंग में शामिल दो अन्य आरोपियों गगन सिंह और गुड्डू को भी अरेस्ट कर लिया गया। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ वह एक हजार रुपये प्रतिदिन के किराए पर ऑटो चलाते हैं। अंजान शख्स को सुनसान इलाके में पहुंचते ही लूट का शिकार बना देते थे।

## आगरा नहर में डूबे चाचा भतीजे, तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बदरपुर इलाके में नये साल की पूर्व संध्या पर चाचा भतीजे आगरा नहर में डूब गये। कई घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं लग पाया। दमकल विभाग, एनडीआरएफ और वोट क्लब के मेंबर गोताखोरों की मदद से सोमवार को भी पूरा दिन दोनों की तलाश करते रहे।

पुलिस के मुताबिक 31 दिसंबर को शाम करीब चार बजे बदरपुर थाने को 10 साल के यश और उसके चाचा सचिन के डूबने की सूचना मिली थी। पुलिस लोहिया पुल से सटे एनटीपीपीसी के पीछे स्थित आगरा नहर पहुंची। हरिनगर गांव जैतपुर निवासी सचिन पासवान की पत्नी मनीषा ने बताया कि यश नहर के पास हाथ धो रहा था, तभी पैर फिसल जाने से वह पानी में डूब गया। यश को पानी में डूबते देख सचिन पासवान उसे बचाने के लिए नहर में कूदा और वह भी डूब गया। उस वक्त यश के बड़े भाई आदर्श ने इन दोनों को पानी में डूबते देखा था। इस घटना की सूचना पर एनडीआरएफ समेत पांच गोताखरों और एक नाव को मौके पर बुलाया गया। देर शाम तक दोनों को ढूंढने का काम चलता रहा, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। आखिर में रात आठ बजे काम रोक दिया गया। सोमवार सुबह नौ बजे एक बार फिर दोनों को ढूंढने का अभियान शुरु किया गया। एनडीआरएफ द्वारका से तीन ओर नावों के साथ 27 प्रशिक्षित सदस्यों वाली एक विशेष टीम को मौके पर बुलायाकर सर्च ऑपरेशन शुरु किया गया। लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

## आयरिश महिला से साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के बाद ईडी ने तीन को किया गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बताया कि उसने पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में एक कॉल सेंटर के माध्यम से आयरलैंड की एक नागरिक से कथित साइबर धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन की अपनी जांच के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। ईडी ने एक बयान में बताया कि एजेंसी ने कोलकाता और खड़गपुर में छापेमारी के बाद पिछले महीने पटना से नितेश कुमार और कोलकाता से सागर यादव और संतोष कुमार को हिरासत में लिया था। एजेंसी ने महिला की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत पर यह कार्रवाई की थी। पीड़ित महिला ने दावा किया था कि साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों के जरिए उससे 84,941 की ठगी की गई थी। ईडी ने बताया कि जांच में पाया गया कि आठ से 10 लोगों का एक समूह लगातार विदेशी नागरिकों, मुख्य रूप से आयरलैंड के लोगों को ठगने और 'रिवायर' (वित्तीय सेवा कंपनी) खातों के माध्यम से भारत में अपने बैंक खातों में अपराध की आय प्राप्त करने में शामिल है। ईडी ने बताया कि ये लोग पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में एक कॉल सेंटर के तरीके पर काम कर रहे थे। एजेंसी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 1.85 करोड़ रुपये नकद और बैंक खातों में मौजूद 3.67 करोड़ रुपये जब्त किए गए।

### भाजपा नेता ने झुग्गी बस्ती में बांटे कंबल

**नई दिल्ली।** पूर्व भाजपा विधायक व अध्यक्ष दिल्ली स्टडी ग्रुप डॉ. विजय जौली ने दक्षिण दिल्ली स्थित संगम विहार गॉधी कैम्प, झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में जरूरतमंद नागरिकों को गर्म कंबल बॉट कर नव वर्ष-2024 की शुरूआत की। इस पुनीत कार्य में अमेरिका से प्रवासी भारतीय प्रमोद भगत परिवार ने भी यथोचित सहायता की। इस अवसर पर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों ने डॉ. जौली के कर कमलों से गर्म कंबल हर्ष व प्रेम के साथ स्वीकार किए। सभी गरीबों ने डॉ. जौली को 'हैप्पी न्यू इयर' कह कर आशीर्वाद दिया तथा डॉ. जौली के उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से की। बता दें कि डॉ. जौली पिछले अनेक वर्षों से नववर्ष के पहले दिन की शुरूआत, परोपकारी व समाजसेवी कार्य से करते रहे हैं। कभी विधवाओं को अन्नदान, छोटे बच्चों को स्टेशनरी तथा विकलांगों को व्हीलचेयर आदि भेंट किये। डॉ. जौली ने संगम विहार झुग्गी झोपड़ी निवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसा करने से उन्हें तन व मन की शांति मिलती है।

## चार मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, डेंटल क्लीनिक व लैब चपेट में आए

### दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे बाद पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका मोड़ इलाके में रविवार रात एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची, जहां एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आये डेंटल क्लीनिक और लैब को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत ये रही कि इस हादसे में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

दमकल विभाग के अनुसार रविवार रात 12 बजकर 22 मिनट पर द्वारका मोड़ मेट्रो पिलर नंबर 798 के नजदीक चार मंजिला बिल्डिंग में आग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पाया कि आग ने तकरीबन पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया है। 50 से ज्यादा दमकलकर्मियों ने देर रात एक बजकर 40 मिनट पर आग पर काबू पाया। बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर डेंटल क्लीनिक था जबकि तीसरी मंजिल पर पैथ लैब चल रहा था। रात का समय होने की वजह से बिल्डिंग में कोई मौजूद नहीं था। इस वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। बिल्डिंग को आग से भारी नुकसान हुआ है। आग किस कारण लगी यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। घटना के वक्त बिल्डिंग की छत पर जनरेटर रखा हुआ था। वहां तक आग के पहुंचने से पहले ही दमकल कर्मियों ने उस पर काबू पा लिया। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक. 2652/न.पा.नि./लोनिवि/23-24 अम्बिकापुर दिनांक 29/12/2023

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 06 तक में डामरीकृत सड़कों के निर्माण / रिनीवल / मरम्मत- संधारण का कार्य (Flexible Pavement / Bituminous work ) प्रति जोन राशि रू. 150.00 लाख के 06 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 150585, 150599, 150615, 150642, 150649& 150663) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**गुमशुदा की तलाश**



लिंकल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (चित्र में दर्शाया गया), जिसका नामः लिंकल, पुत्र रणबीर सिंह, निवासी 3/31 जगजीवन नगर दिल्ली उम्रः 33 वर्ष जो दिनांक 19.12.2023 को एसडीएम कार्यालय सुंदर नगरी, दिल्ली से गुमशुदा है। इस बाबत DD No. 70-A दिनांक 20.12.2023 से थाना नंद नगरी, दिल्ली में दर्ज है। व्यक्ति का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः

रंगः गोरा, कदः 5'5" फीट, चेहराः गोल, शरीरः कमजोर, पहनावाः फ़िरोजी कमीज़ और लोअर और पैरों में चप्पल पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पर सूचित करने की कृपा करें cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बरः 11-24368638 or 24368641

थानाध्यक्ष
थाना नंद नगरी, दिल्ली
DP/14993/NE/2023 फोनः 011-22583307, 22585985 & 8750870733

## बीते साल में ड्रंकन ड्राइविंग के यातायात पुलिस ने काटे 16,173 चालान

# पुलिस ने दिखाई सख्ती, ड्रंकन ड्राइविंग में 360 लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नए साल की पूर्व संख्या पर इस बार भी लोगों ने जमकर यातायात नियमों का उल्लंघन किया। नशे में ड्राइविंग करते 360 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस ने इस बार नशा कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ 24 दिसंबर से ही विशेष अभियान शुरु कर दिया था, जो 31 दिसंबर की देर रात तक चला। बात करें पूरे साल की तो यातायात पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग के 16,173 चालान काटे।

स्पेशल सीपी ट्रैफिक एसएस यादव के अनुसार नये साल की पूर्व संध्या पर सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष इंतजाम किये गए थे। शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील भी विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिये की गई थी। लेकिन इस सबके बावजूद रविवार रात शराब पीकर ड्राइविंग करने से लोग बाज नहीं आये। 360 लोग को पकड़कर कार्रवाई की गई। इनमें सबसे ज्यादा मामले कापसहेड़ा (22), नांगलोई (20), संगम विहार (16), तिलक नगर (15), नंद नगरी सर्किल (14) में सामने आए। दिल्ली में इस साल 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 2129 लोगों के चालान किए गए। इस समयावधि में यही संख्या वर्ष 2021 में 274 थी। बीते 16 दिनों में शराब पीकर गाड़ी चलाने के सबसे ज्यादा चालान संगम विहार (86), लाजपत नगर (85), बदरपुर(72), कालकाजी (67) व पार्लियामेंट सर्किल (66) में किए गए। 2023 में पूरे साल शराब पीकर गाड़ी चलाने के कुल 16,173 मामले नोटिस किए गए, जबकि 2022 में 2225, 2021 में 2831 और 2020 में 3986 मामले नोटिस किए गए थे। पिछले वर्ष सबसे ज्यादा चालान बदरपुर (653), सरिता विहार (628), नजफगढ़ (610), हौजखास (587) और पंजाबी बाग (539) एरिया में किए गए।

## नवंबर 2023 में दमकल विभाग को मिली सबसे ज्यादा आग की कॉल्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सात हजार से अधिक जानवर और पक्षियों को दमकल कर्मियों ने बचाया

गत वर्ष दिल्ली में आग की चपेट में आने से 59 लोगों की दर्दनाक मौत हुई, वहीं अलग अलग घटनाओं में 689 लोग झुलसे। सालभर दमकल विभाग को आग से जुडी 15,610 कॉल्स मिली। इनमें खास बात ये है कि आग की सबसे ज्यादा कॉल्स गर्मी के मौसम में नहीं बल्कि ठंड के महीने नवंबर में आई।

दमकलकर्मियों ने इंसानियत का भी खूब फर्ज अदा किया और सात हजार से ज्यादा संख्या में जानवर और पक्षियों को रेसक्यू करा उनकी जान बचायी। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि गत वर्ष नंवबर के महीने में आग की सबसे ज्यादा 1800 कॉल्स मिली। इसके बाद दूसरा नंबर अप्रैल माह का रहा जहां 1672 कॉल्स प्राप्त हुई। मई में 1570 कॉल दमकल विभाग के पास आई। बात करें पूरी दिल्ली की तो अलग अलग इलाकों में आग की छोटी बड़ी 15,610 कॉल्स मिली। इन घटनाओं के दौरान 3129 लोगों को समय रहते रेसक्यू कराया गया। वहीं 3533 जानवर और 3868 पक्षियों को भी मुसीबत में फंसने के बाद बचाया गया। दमकल विभाग के अनुसार आग की घटनाएं अक्सर लोगों की लापरवाही के कारण ही सामने आती है। लोग घर या अन्य जगहों पर की गई हाउस वायरिंग को समय समय पर चैक नहीं कराते। कई बार तारों पर लोड ज्यादा पड़ जाने से शॉर्ट सर्किट आग का कारण बनता है। कई मामलों में देखा गया कि ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग एरिया के नजदीक लगे बिजली के मीटर में स्पार्किंग हुई और वहां से निकली चिंगारी वाहनों तक पहुंच गई। बाइक या स्कूटी में पेट्रोल होने से आग तेजी से भड़क जाती है। गर्मी के मौसम में एसी की सर्विस कराए बिना चलाना भी कई बार आग की वजह बनती है।

**गुमशुदा की तलाश**



पूजा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम **पूजा**, पत्नी धर्मबीर, निवासी 4/355 त्रिलोकपुरी, दिल्ली, जो दिनांक 25.12.2023 को शाम लगभग 07:00 बजे से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 06ए, दिनांक 26.12.2023,** को **पुलिस थाना कल्याणपुरी, दिल्ली**, में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता महिला का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : स्त्री, **उम्र** : 31 वर्ष, **कद** : 4'9", **रंग** : गोरा, **चेहरा** : लंबा, **शरीर** : पतला, **पहनावा** : हरी साड़ी, पैरों में सैंडल।

इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

ई-मेल : **cic@cbi.gov.in**
फोन : **011-24368638, 24368641**
फैक्स : **011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कल्याणपुरी, दिल्ली
फोन नं. : **8750871830**
ई-मेल : **sho-kalyanpuri-dl@nic.in**

DP/15140/ED/2023

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | एक वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी और निःशुल्क रखरखाव समेत एचएसवीपी कार्यालय भवन सेक्टर-3, रोहतक के कमरों में एयर कंडीशनिंग सिस्टम का संवर्धन। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 80.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xanelecirtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23832/1/88/7 दि. 01.01.24

**खबर संक्षेप**

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने सार्वजनिक शौचालयों का किया औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' और नए साल की शुरुआत से ही नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को साफ और स्वच्छ रखने के दृष्टिकोण के साथ एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने सोमवार की सुबह विनय मार्ग और शाहजहां रोड स्थित सार्वजनिक शौचालयों (पीटीयू) और वाटर एटीएमों का एक व्यापक औचक निरीक्षण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नई दिल्ली क्षेत्र के बड़े संख्या वाले आगंतुकों के लिए एक स्वच्छ और कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली सुनिश्चित करना है।

## राजधानी में शीत लहर ने लोगों को ठिठुरने पर किया मजबूर

**नई दिल्ली।** नववर्ष 2024 की सुबह संभावनाएं की उल्ट कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करने वाली रही। न्यूनतम पारे के नर्म रूख की वजह से लोगों के लिए साल के प्रथम दिन सोमवार की सुबह 31 दिसंबर की तुलना में राहत भरी रही। लेकिन दिन में शीत लहर ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। क्योंकि अधिकतम पारे में रविवार की तुलना में सीधे दो डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। सर्द हवा के बावजूद लोगों का नए साल का जोश कम नहीं हुआ, लोगों ने अपने अपने तरीके से नए साल के पहले दिन की शुरुआत की। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार पूर्व की तुलना में सुबह के समय कोहरा भी कम रहा। हालांकि दिल्ली के कई क्षेत्रों में पारा सिंगल डिजिट यानी 10 डिग्री से भी कम रहा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम पारा औसत से तीन डिग्री अधिक 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि अधिकतम तापमान 17.2 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से दो डिग्री कम है।

## अब भारत में हो रहा है बहुत कुछ अच्छा : प्रो. योगेश सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि हमें ऐसा भारत बनाना है जहां अभाव का अभाव हो। उन्होंने कहा कि अब भारत बदल रहा है। बहुत कुछ अच्छा हो रहा है। प्रो. योगेश सिंह नव वर्ष 2024 के प्रथम दिवस के अवसर पर कुलपति कार्यालय के लॉन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने सभी को नव वर्ष की शुभकानाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2023 सभी के सराहनीय प्रदर्शन के कारण उपलब्धियों भरा रहा है। इसके लिए उन्होंने अपने सभी सहयोगियों की पीठ थपथपाई। कुलपति ने विश्वविद्यालय की साल भर की उपलब्धियों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि बीते वर्ष में डीयू और इसके महाविद्यालयों में शिक्षकों की कुल 3716 नियुक्तियां और 5979 पदोन्नतियां हो चुकी हैं।

**जश्न...**





# नए साल का आगाज : लोगों से भरा नजर आया इंडिया गेट और कर्तव्य पथ

नव वर्ष की पूर्व संध्या से शुरू हुए नए साल के जश्न मनाने का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। सोमवार को नए साल के आगाज होने पर दिल्ली का इंडिया गेट और कर्तव्य पथ लोगों से भरा नजर आया। यहां भारी संख्या में पूरी दिल्ली के लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए। वहीं अगर रेस्टोरेंट और मॉल की बात करें तो दिल्ली के रेस्टोरेंटों में सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। वहीं दिल्ली के बड़े मॉलों में भी दिन भर लोगों की भीड़ रही। लोग अपने परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने यहां पहुंचे।

## मंत्री इमरान हुसैन ने अपने आवास पर लगाया जनता दरबार



**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मंत्री इमरान हुसैन ने अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से दी है। उन्होंने एक्स पर लिखकर बताया कि नए साल के मौके पर अपने आवास पर जनता दरबार का आयोजन किया। लोगों की समस्या सुनी और विभिन्न विभागों को इस पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## महापौर ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने नववर्ष 2024 के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मैं भगवान से यही कामना करती हूं कि नववर्ष 2024 आपके जीवन में खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं प्रसन्नता लेकर आए। आप सभी के लिए मंगलमय हो। नगर निगम में 2023 में वो काम हुए, जिनकी कल्पना करना मुश्किल था, लेकिन आपका साथ है तो और बहुत कुछ मुमकिन है।

## सभी के लिए खुशियां लेकर आए नया साल : लवली

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने नववर्ष 2024 पर दिल्ली वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आप सभी को स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि से भरे 2024 की शुभकामनाएं! यह वर्ष आप सभी के लिए अनगिनत आशीर्वाद और खुशियाँ लेकर आए।

## नए साल के प्रथम दिन धार्मिक स्थलों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नई दिल्ली।** नए साल के प्रथम दिन सोमवार को अधिकांश धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ दिल्ली के प्राचीन व बड़े मंदिरों में देखी गई। लोगों ने अपने अपने अनुसार मंदिर गुरुद्वारा व गिरजाघरों में पूजा अर्चना करते हुए नए साल की शुरुआत की और परिवार सहित देश में शांति सद्भाव की कामना की। दिल्ली के पांडव कालीन प्राचीन सिद्धपीठ श्री कालकाजी मंदिर, झंडेवाला मंदिर, माता कात्यायनी मंदिर छतरपुर, संतोषी माता मंदिर हरी नगर, कालका जी मंदिर रोहिणी रिंग रोड, हनुमान मंदिर कनॉट प्लेस, मरघट वाले हनुमान जी मंदिर, प्रीत विहार गुफा वाला मंदिर, महरौली एनएच-8 महादेव मंदिर, मंदिर मार्ग स्थित बिरला मंदिर, ईस्ट ऑफ कैलाश व पंजाबी बाग स्थित इस्कॉन मंदिर, नजफगढ़ रोड साईं मंदिर, नरेला में माता मंदिर, एनएच वन स्थित दिल्ली धाम, गुरूद्वारा बंगला साहिब, शीशगंज साहिब सहित अन्य गुरुद्वारों व संत निरंकारी सेवा मिशन निरंकारी दिल्ली आदि में लोग भारी संख्या में नए साल पर अपने अपने इष्ट के दर्शन करने पहुंचे। वहां प्रबंधकों ने भीड़ के पूर्वानुमान के मद्देनजर कई प्रकार की व्यवस्था कर रखी थी।

## प्रभु से प्रार्थना, नए साल में हो आपके सपने साकार : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सीएम अरविंद केजरीवाल और कैबिनेट मंत्रियों ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लोगों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि नववर्ष 2024 की आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं। प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि ये नया साल आपके सपनों के साकार होने का साल हो। आप सभी स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें और खूब तरक्की करें। वहीं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा कि आप सभी को नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं। नव वर्ष आप सभी के जीवन में खुशहाली और उन्नति लेकर आए। वहीं कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने एक्स पर लिखा कि सुख,शांति एवं समृद्धि की मंगलकामनाओं के साथ आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा कि सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे आशा है कि 2024 हम सभी के जीवन और हमारे देश में अपार खुशियां और समृद्धि लाएगा। यह वह वर्ष हो जो हमें दुनिया के सबसे महान राष्ट्र के रूप में अपनी वास्तविक क्षमता को उजागर करते हुए देखे। वहीं कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद ने एक्स पर लिखा कि नई उमंग और नई उत्साह के साथ आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने एक्स पर लिखा कि भारत के समस्त देशवासियों को नए वर्ष 2024 की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं। ऊपर वाले से दुआ है कि यह साल आपके लिए खुशियां और सफलता लेकर आये। इस नए साल में आपको स्वस्थ, सुखमय और समृद्धि भरा जीवन मिले। हर कदम पर कामयाबी मिले। आइए, नए साल का स्वागत नए जोश और उमंग के साथ करें।

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज नए साल के पहले दिन सोमवार को मरघट वाले बाबा हनुमान जी के मंदिर गए और उनका आशीर्वाद लिया।

## उपराज्यपाल सक्सेना ने नववर्ष पर सहायक लोक अभियोजकों का बढ़ाया वेतन

**नई दिल्ली।** नए साल के प्रथम दिन सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सहायक लोक अभियोजकों (एपीपीएस) को वेतन बढ़ाकर उनको उपहार दिया है। राजनिवास के सूत्रों के अनुसार उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद एपीपीएस को पे बैंड 3 दिया जाएगा, और 5400 रुपया का ग्रेड पे होगा। जबकि अभी तक एपीपीएस को पे बैंड 2 का लाभ मिलता था, और उनका ग्रेड पे 4,800 रुपये था। जानकारी अनुसार गृह विभाग ने वित्त विभाग के साथ संयुक्त रूप से एपीपीएस के पे स्केल को रिवाइज करने की सिफारिश की थी। जिससे उपराज्यपाल ने अपनी मुहर लगाकर उपहार प्रदान किया है। सूत्रों के अनुसार एपीपीएस के लिए संशोधित वेतनमान का मुद्दा दिल्ली उच्च न्यायालय भी पहुंचा था। इसे लेकर एक रिट याचिका दायर की गई थी। इसके बाद अभियोजन निदेशालय के अभियोजकों के वेतन, डीओपी, स्थायी वकीलों की फीस और राज्य द्वारा नियुक्त किए जा रहे वकीलों पर विचार किया गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 3 सितंबर 2015 को दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि अभियोजन निदेशालय के अभियोजन अधिकारी के वेतन ढांचे में संशोधन को मंजूरी देते हुए 1 सितंबर 2015 के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले के कार्यान्वयन के संबंध में रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। एलजी की मंजूरी के बाद दिल्ली सरकार में अभियोजन निदेशालय के तहत काम करने वाले एपीपीएस को 3 सितंबर 2015 से सभी लाभ मिलेंगे।

# 'मैं भी केजरीवाल' अभियान में जनता बोली किसी हाल में इस्तीफा न दें केजरीवाल : आप

*23 लाख 82 हजार घरों तक पहुंची आप, अब चार जनवरी से चलेगा 'मैं भी केजरीवाल' जनसंवाद अभियान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को दावा किया कि 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान के तहत दिल्ली के 23 लाख से अधिक घरों से संपर्क किया गया और अधिकतर लोगों की राय है कि अगर अरविंद केजरीवाल को भाजपा की साजिश के तहत गिरफ्तार किया जाता है तो उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए। आप ने मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान एक दिसंबर से शुरू किया था। इस संबंध में सोमवार को आप के नेताओं ने एक संयुक्त प्रैसवार्ता की। इस प्रैसवार्ता को आप के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष और



विधायक ऋतुराज झा, उपाध्यक्ष और विधायक कुलदीप कुमार, उपाध्यक्ष और विधायक राजेश गुप्ता और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर ने संबोधित किया।

आप विधायक ऋतुराज झा ने प्रैसवार्ता में कहा कि हमारा 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान 1 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक चला। इस अभियान के तहत हम 23 लाख 82 हजार 122 घरों तक पहुंचने में कामयाब रहे। लगभग 24 लाख घरों तक पहुंच कर हमने लोगों की राय ली। अगर एक घर में चार लोगों का परिवार मान लिया जाए तो हम लगभग 96 लाख लोगों से मिले। हमने उनके साथ विस्तार से चर्चा की। हमारे 'मैं भी केजरीवाल' डोर टू डोर कैंपेन को बड़े स्तर पर सफलता प्राप्त हुई है। जितना हमने सोचा था उससे कहीं ज्यादा पॉजिटिव रिजल्ट हमारे सामने आए हैं। हमारे इस अभियान को जनता का भरपूर प्यार और समर्थन प्राप्त हुआ है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई के दम पर हमें डराने में लगी हुई है लेकिन हमारे पास जनता का प्यार है। हम डरने वाले नहीं हैं।

विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि अब हम पूरी दिल्ली में 'मैं भी केजरीवाल' जनसंवाद अभियान 4 जनवरी 2024 से शुरू करने जा रहे हैं। पहले अभियान के तहत हम दिल्ली में लगभग 44 लाख घर हैं जिनमें से 24 लाख घरों तक पहुंचने में हम लोग सफल रहे हैं। हमारे डोर टू डोर अभियान में दिल्ली के लोगों की क्या राय है उसको जानने के लिए अब हम हर वार्ड में जनसंवाद करने जा रहे हैं। एक फर्जी शराब घोटाले में भाजपा ने पहले से ही मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को जेल में बंद कर रखा है। हमारे सभी विधायकों और पार्षदों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से निवेदन किया था कि अगर भाजपा सरकार केजरीवाल को भी गिरफ्तार कर लेती है तो उन्हें किसी भी हालत में अपना इस्तीफा नहीं देना है।

## दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने डीएम से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के कंझावला स्थित लाडपुर गांव में रोड़ के चौड़ीकरण कार्य को लेकर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने उत्तर पश्चिमी जिला अधिकारी (डीएम) को नोटिस जारी कर 12 जनवरी को आयोग में तलब किया है। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष संजय गहलोत ने सोमवार को बताया कि सफाई कर्मियों की इस गम्भीर संवेदनशील समस्या को लेकर रविवार को लाडपुर गांव का दौरा किया था और यहां के गांववासियों व सफाई कर्मियों ने लिखित में अपना प्रार्थना पत्र भी सौंपा था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए सोमवार को वर्ष 2024 के प्रथम दिवस एक जनवरी को सम्बंधित जिला अधिकारी को आयोग की तरफ से नोटिस जारी किया गया है जिसमें उन्हें इस 12 जनवरी को आयोग में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। अध्यक्ष गहलोत ने बताया कि यहां रोड़ के चौड़ीकरण कार्य प्रस्तावित होने से यहां के निवासी जो पिछले सन 1951-52 से यहां निवास कर रहे हैं, उनके मकानों को तोड़ने की पैमाइश भी की गई है जिससे सभी कर्मचारी आशियाना उजड़ने को लेकर खौफजदा है। लाडपुर गांव के सफाई कर्मचारी अपने आशियाना उजड़ने के डर से बेहद खौफ में जी रहे हैं।

**बच्चों के भरण पोषण के लिए केजरीवाल सरकार की पेंशन बनी सहारा : आनंद**

# दिल्ली सरकार ने कोरोना योद्धा प्रदीप कुमार के परिवार को सौंपी एक करोड़ की सम्मान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सोमवार को कोरोना योद्धा प्रदीप कुमार के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि सौंपी। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने सोमवार को कोरोना महामारी के समय लोगों का इलाज करते हुए जान गंवाने वाले कोरोना योद्धा प्रदीप कुमार के परिवार से मुलाकात की और उन्हें एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। समाज कल्याण मंत्री आनंद ने बताया कि कोरोना योद्धा प्रदीप कुमार दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में माजरा डबास की डिस्पेंसरी में कार्यरत थे, जनसेवा करते हुए वह



कोरोना से संक्रमित हो गए और उनका निधन हो गया।

इस दौरान पटेल नगर से पूर्व विधायक वीणा आनंद, एडीएम नॉर्थ वेस्ट, एसडीएम कंझावला वा अन्य अधिकारियों के साथ ही गांव के अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने उन्हें भविष्य में भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि से उनके परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस आर्थिक मदद से परिवार के सदस्यों को अपना जीवन बेहतर बनाने में कुछ मदद मिलेगी।

आनंद ने कहा कि कोरोना योद्धा प्रदीप कुमार ने मानवता की सेवा करते हुए देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसके लिए पूरे देश को उन पर गर्व है। स्वर्गीय प्रदीप कुमार की उम्र महज़ 41 वर्ष थी और वह दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में बतौर नर्सिंग ऑर्डरली के तौर पर कार्यरत थे। उन्होंने कोरोना महामारी के समय समर्पित होकर रोगियों की सेवा की। इस दौरान वह कोरोना की दूसरी लहर में खुद भी कोरोनो वायरस की चपेट में आ गए थे। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वह कोरोना के खिलाफ जिंदगी की जंग हार गए और 26 मई 2021 को उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी माताजी, पत्नी, एक बेटा और बेटी रह गए हैं, जिनका भरण पोषण दिल्ली सरकार द्वारा पेंशन के रूप में दी जा रही सहायता राशि से हो रहा है।

आनंद ने कहा कि यूं तो कोई भी रकम जान की भरपाई नहीं कर सकती लेकिन यह सम्मान राशि से बच्चों के जीवन के निर्णायक मोड़ पर सहारा बनने का काम करेगी। वहीं आनंद ने कहा कि यह नया साल हम सभी के लिए साहस, समर्थन, और सामरिक साझेदारी का आरंभ है।

## आज सुप्रीम कोर्ट से आवेदन वापस नहीं लिया तो कल भाजपा कार्यकर्ता करेंगे डी-सील : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) एमसीडी को आज मंगलवार, 2 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट से अपना आवेदन वापस लेना चाहिए और आज, मंगलवार 2 जनवरी से लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स (एलएससी) की दुकानों की डी-सीलिंग प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए अन्यथा दिल्ली प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता कल, बुधवार 3 जनवरी की सुबह एलएससी की इन दुकानों को डी-सील कर देंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एमसीडी सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री केजरीवाल और एमसीडी की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय से पूछा कि जब एमसीडी




■ प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता में भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री और महापौर को घेरा

एलएससी की सीलिंग जारी रखने की मांग को लेकर कोर्ट में गई है तो फिर महापौर एलएससी के व्यापारियों के साथ बैठकें क्यों बुला रही हैं, यह स्पष्ट है कि यह सब एक फंड डील करने की चाल है। उन्होंने कहा कि एमसीडी और अरविंद केजरीवाल शासन वास्तव में एलएससी को डी-सील नहीं करना चाहते और हमने सुना है कि आम आदमी पार्टी (आप) के एक वरिष्ठ व्यापारी नेता, जो व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडलों की मुख्यमंत्री, मंत्रियों और महापौर से मुलाकात कराते रहते हैं, व्यापारियों के साथ आप के लिए चुनावी फंड जुटाने के बारे में बात कर रहे हैं।

सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मंत्री आतिशी, महापौर डॉ. शैली ओबरॉय और आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक मिलकर झूठे आश्वासनों से दिल्ली की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं, जबकि एमसीडी की विफलता से एक साल से दिल्ली की सफाई सेवा बदहाल है और आप एलएससी दुकानदारों सहित दिल्ली के छोटे व्यापारी को परेशान कर रही है।

खबर संक्षेप

## राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस 9 को



**फरीदाबाद।** 1857 की क्रांति के शहीद राजा नाहर सिंह का 166वां बलिदान दिवस मनाने के लिए उनके वंशज व इनेलो के वरिष्ठ नेता सुनील तेवतिया के निवास पर बैठक हुई,जिसमें यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति राजा नाहर सिंह सोसायटी व इनेलो द्वारा उनका बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा और बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में एक ऐतिहासिक विशाल जनसभा भी होगी।

## कैनविन के 5वें सेवा पॉली क्लीनिक का शुभारंभ



**गुरुग्राम।** पटौदी रोड पुलिस चौकी के पास कैनविन के 5वें सेवा पॉलीक्लिनिक का शुभारंभ किया गया। मौके पर डॉ. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने इसी तरह से अनवरत गुरुग्राम की सेवा करने की बात कही। कार्यक्रम में आश्रम हरि मंदिर पटौदी के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव के सानिध्य रहा। मुख्य अतिथि केंद्रीय संसदीय बोर्ड व केंद्रीय चुनाव समिति भाजपा की सदस्या डॉ. सुधा यादव रहीं। प्रमुख शिक्षाविद् डॉ. अशोक दिवाकर मंच का संचालन किया।

## केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

# प्रतिमाह 1500 से कम आय वालों के बच्चों का नि:शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट किया जाएगा

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि नववर्ष की इससे सकारात्मक शुरुआत हो नहीं सकती। जो अनुभूति मुझे इन छोटे बच्चों से इतना प्यार पाकर हुई वह वाकई में शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि एडिप स्कीम मोदी सरकार की समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ाने की मंशा को सार्थक रूप देती है। इस प्रकार की समाज कल्याण की योजनाएं जन जन के जीवन में सार्थक बदलाव लाने की पूरी कोशिश करती है। सर्वोदय अस्पताल की ओर से आयोजित कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी से वापस सुनने और बोलने की क्षमता हासिल करने वाले बच्चों द्वारा धन्यवाद समारोह कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।

### केंद्रीय मंत्री बोले-मूक-बधिर बच्चों को मुख्यधारा में लाना सरकार की प्राथमिकता

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि नववर्ष की इससे सकारात्मक शुरुआत हो नही सकती, शहर के तमाम लोग मुझसे शिष्टाचार भेंट करने आये, कई अन्य लोगों से में भी मिला परंतु जो अनुभूति मुझे इन छोटे बच्चों से इतना प्यार पाकर हुई वह वाकई में शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की एडिप स्कीम के तहत इन बच्चों का निशुल्क कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी हुई है। अभी तक हजारों बच्चों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। भारत सरकार की नि:शुल्क कॉकलियर इम्प्लांट योजना जिसके अंतर्गत 5 वर्ष से कम आयु का बच्चा एवं 15000 रुपए से कम मासिक आय वाले परिवार के बच्चे को यदि कॉकलियर इम्प्लांट प्रत्यारोपित करवाने की आवश्यकता होती है तो उसके सारे खर्च का वहन (लगभग 9 लाख) भारत सरकार उठाती साथ ही सर्जरी के अगले 2 वर्षो तक स्पीच थेरैपी भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।



### बच्चों को चॉकलेट व मिठाई बांटे

सर्वोदय हॉस्पिटल के ईएनटी एवं कॉकलियर इम्प्लांट विभाग के डायरेक्टर डॉ. रवि भाटिया ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 लाख बच्चों में से 4 से 5 बच्चे जन्मजात गूंगे बहरे होते है इन बच्चों पर यदि ध्यान ना दिया जाये तो भविष्य में ये अपने आप को समाज पर बोझ समझने लगते है, पर देश की प्रगति में अपना योगदान नहीं दे पाते। परन्तु कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी के बाद बच्चा सामान्य बच्चे की प्रकार की जीवन जी सकता है, बशर्ते उनकी स्पीच थेरपी और उसके आत्मविश्वास पर ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सभी बच्चों से पुष्प स्वीकार किये एवं उनको चॉकलेट, मिठाई और उपहार बांटे।

## 22 जनवरी भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू होगी सेवा

# हरियाणा के तीन शहरों से सीधे अयोध्या तक चलेंगी बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। यही नहीं अन्य जिलों से मांग आने पर वहां से भी भविष्य में अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू होगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सोमवार को बल्लभगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाली श्याम कॉलोनी में एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 32 गलियों के शिलान्यास समारोह के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- हरियाणा के अन्य जिलों से मांग आने पर बस सेवा शुरू करने पर होगा विचार
- हरियाणा सरकार बुजुर्गों को अयोध्या की यात्रा मुफ्त में करवाएगी

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा श्याम कॉलोनी में विकास कार्यों के शिलन्यास के दौरान कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी।



### भगवान श्रीराम की प्राण पतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने जाएंगे अयोध्या

उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर हमारे लिए गौरव के बाद है और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को नववर्ष का तोहफा भी दिया। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य चल रहा हैं। लोगों की मांग को देखते हुए सभी गलियों व सड़कों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है। श्याम कालोनी की इन 32 गलियों के निर्माण की मांग को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### 32 गलियों का शिलान्यास

मंत्री ने श्याम कालोनी में 32 गलियों का शिलान्यास किया। इस मौके पर टिपरचंद शर्मा, राजेंद्र बैसला, राधे-राधे महाराज, लखन बैनीवाल, संजीव बैंसला, विनोद गोस्वामी, राकेश गुर्जर, बिजेंद्र सिंगला, महावीर सैनी, प्रेम खट्टर, बिट्टू पंजाबी, पीके शर्मा और सिटी पार्क के कार्यक्रम में प्रधान सेवा राम वर्मा, एक्सईएन ओपी कर्दम, जेई ऋतु बंसल, जितेंद्र बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## ऊंचा गांव में 3 पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम ओम मुरारी है । आरोपी 31 दिसंबर को अवैध तरीके से शराब लेकर बेचने की फिराक में था कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से कट्टे में भरी तीन पेटी देसी शराब संतरा बरामद की गई। आरोपी को सराय थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब तस्करी का मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी की उम्र करीब 30 वर्ष है ।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यौंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :- **निविदा सूचना संख्या : EL-MWS-GKP-2023-24-19, निविदा सं. एवं कार्य का विवरण : EL-MWS-GKP-2023-24-19** पी.ओ.एच./रिपेयरिंग वर्क ऑफ डी.ई.टी.सी. 8–व्हीलर टावर वैगन इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर, **अनुमानित लागत :** रु. 1,97,46,627.03, **बयाने की राशि :** रु. 2,48,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से :** 12 महीना। • आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 23.01.2024 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/**
**मुजाधि/विद्युत-240 पू.उ.रे./गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



## गो तस्करी के मामले में दो को किया गिरफ्तार

*फरीदाबाद ।क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने गौ तस्करी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में साबिर उर्फ टाइगर तथा साकिर का नाम शामिल है। इससे पहले गौ तस्करी के अलावा अन्य धाराओं में करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी काफी समय से गौ तस्करी करते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।*

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद मंडी डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में वार्ड नं. 01 से 07 तक स्वीपिंग कार्य के आउटसोर्स कार्य हेतु आकलन। | 28.12.2023 19.01.2024 | 2.05 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23833/I/88/7 दि. 01.01.24

### भुआपुर-शाहबाद गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# पात्र व्यक्तियों को घर बैठे मिल रहा बीपीएल पेंशन के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके।

विधायक ने फरीदाबाद के भुआपुर-शाहबाद गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के हर गांव में ग्रामीणों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश की मनोहर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए से विकास कार्य किए जा रहे हैं। हर गांव में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं।

### प्रदर्शनियों का किया अवलोकन

विधायक नागर ने मौके पर अलग-अलग विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी व स्टॉलों का अवलोकन किया व लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली। कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### खाटू श्याम जाने वाले दो हजार से अधिक यात्रियों ने

# गेट न खुलने पर चेतक एक्सप्रेस पर किया पथराव, रेलवे ट्रैक पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नए साल की पूर्व संध्या पर खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों द्वारा गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर चेतक एक्सप्रेस पर पथराव किए जाने व ट्रेन को काफी देर तक रोकने का मामला सामने आया है। करीब दो हजार से अधिक यात्रियों के गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पहुंचने व ट्रेन पहले से ही फुल होने के कारण गेट नहीं खोला गया। इसी से नाराज लोगों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया और काफी संख्या में यात्री ट्रेन के सामने ट्रैक पर लेट गए। इस दौरान जीआरपी व आरपीएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कर ट्रैक से हटाया।

दरअसल, चेतक एक्सप्रेस रविवार रात 8.30 बजे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। सराय रोहिल्ला से उदयपुर सिटी राजस्थान के लिए जाने वाली इस ट्रेन से रिंगस रेलवे स्टेशन जाने के लिए काफी यात्रियों ने गुरुग्राम से भी



रिजर्वेशन किया हुआ था। लेकिन ट्रेन सराय रोहिल्ला से ही पूरी तरह फुल होकर चली थी, जिससे भारी भीड़ के कारण ट्रेन के गेट गुरुग्राम रेलवे स्टेशन में नहीं खोले गए। वहीं गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर खाटू श्याम दर्शन के लिए करीब दो हजार लोग स्टेशन के प्लेटफार्म पर पहुंचे हुए थे। ट्रेन के गेट नहीं खुलने से नाराज लोगों ने ट्रेन पर पथराव करना व हंगामा करना शुरू कर दिया। यही नहीं स्टेशन पर ट्रेन को रोकने के लिए हंगामा कर ट्रैक पर भी लोग लेटने लगे। इस दौरान लोगों ने खाटूश्याम के जयकारे लगाना शुरू कर दिया।

### स्टेशन पर लोगों ने 33 मिनट तक रोकी ट्रेन

गुरुग्राम रेलवे स्टेशन मास्टर का कहना है कि भीड़ को शांत करने के लिए करीब 33 मिनट का समय लगा। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी श्योताज सिंह ने बताया कि खाटू श्याम जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पहुंचे थे। जहां इस भीड़ को काबू करने के लिए जीआरपी व आरपीएफ के जवान नाकाफी साबित हुए। ऐसे में 33 मिनट बाद लोगों को शांत कर ट्रैक से हटाकर ट्रेन को चलाया गया। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल कोई केस दर्ज नहीं किया गया है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रावलधी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में एससी (धानक) चौपाल का पुनरोद्धार (डी-प्लान) + 2 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 10.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | चरखी दादरी में जन कल्याण सेवा समिति वार्ड नं. 19 में ओपन किचन को पूरा करना (एमपीएलएडीएस)। | 27.12.2023 04.01.2024 | 1.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव इमलोटा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में एससी चौपाल का निर्माण (जैडपी) .. + 10 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 61.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मोरवाला, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में (अशोका पंच के मकान से रमेश पहलवान के मकान तक गली का निर्माण) गली का निर्माण (डी-प्लान)। | 27.12.2023 04.01.2024 | 92982/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2023-24 से पूर्व आरडी 0 से 12319 तक सुल्तानपुर माइनर की आंतरिक सफाई + 8 कार्य। | 27.12.2023 03.01.2024 | 9.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842255291 knldivn335@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव जयसिंह पुरा ब्लॉक असंध में लोनिवि रोड से डेरा रणबीर पुत्र मामन राम तक ऐज पर ड्राई ब्रिक रास्ते के निर्माण की कच्ची लागत, स्कीम सीएम घोषणा + 1 कार्य। | 26.12.2023 09.01.2024 | 18.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बारा गांव, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में पंचायत घर के निकट बहुउद्देश्यीय हॉल में फ्लोर का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 27.12.2023 09.01.2024 | 15.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | अम्बाला जिले में (आईडी 777) कि.मी. 30.00 से 42.72 तक जगाधरी बिलासपुर सढौरा नारायणगढ़ रायपुर रानी रोड (एसएच-01) पर 40 मिमी बीसी का प्रावधान। | 28.12.2023 18.01.2024 | 521.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 9 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | आईबीडीसी रामनगर, कुरुक्षेत्र में बी बॉक्सेज के निर्माण हेतु। | 01.01.2024 15.01.2024 | 8.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416890427 jdhg-hry@nic.in |
| 10 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | आईबीडीसी रामनगर, कुरुक्षेत्र में बी कीपिंग उपकरण की आपूर्ति हेतु। | 01.01.2024 15.01.2024 | 3.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416890427 jdhg-hry@nic.in |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | गढ़ी कोटाहा - एससी समुदाय के लिए सामुदायिक हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 29.12.2023 05.01.2024 | 78.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | झामरी गांव तालाब के अंदर आउटफॉलिंग आरडी 0 से 10 कि.मी. तक गोरिया पाइप लाइन लिंक ड्रेन (अंडरग्राउंड एचडीपीई पाइप लाइन के माध्यम से) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 753.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज झिरका नूह | गांव बिवान में शमशान घाट के आईपीबी रास्ते का निर्माण, स्कीम 25511 एफ.पी. झिरका + 13 कार्य। | 28.12.2023 03.01.2024 | 63.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdppr@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव डोहकी ब्लॉक चरखी दादरी में आईपीबी सहित पेवमेंट (मेन रोड के दोनो साइड) (जी.पी.) + 1 कार्य। | 28.12.2023 05.01.2024 | 68.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मनकावास [फिरनी के साथ-साथ] ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में गंदे पानी के लिए आर.सी.सी. नाला का निर्माण। | 29.12.2023 04.01.2024 | 18.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में उकलाना में नये लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण + 1 कार्य। | 29.12.2023 18.01.2024 | 1128.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, वार्ड-1 में बस क्यू शेल्टर का निर्माण (जिला परिषद) + 17 कार्य। | 29.12.2023 05.01.2024 | 81.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज सोनीपत | सोनीपत जिले के 17 गांवों में अमृत सरोवर तालाबों पर आरसीसी बेंचेज की आपूर्ति व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 04.01.2024 | 56.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव झोझू कलां में रास्ते की पेवमेंट + 2 कार्य। | 29.12.2023 08.01.2024 | 36.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | गांव आंवली, ब्लॉक गोहाना में संतराम पुत्र बलबीर के मकान से लोनिवि रोड तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 29.12.2023 08.01.2024 | 24.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 94165051383 jitendersinghs383@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव आहूलाना ब्लॉक कथूरा में आर्य समाज सामुदायिक केन्द्र की चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 29.12.2023 08.01.2024 | 33.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 94165051383 jitendersinghsdo957@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मोरवाला ब्लॉक और चरखी दादरी में व्यायामशाला का निर्माण (एचआरडीएफ)। | 28.12.2023 15.01.2024 | 37.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 23 | हरियाणा रोडवेज चरखी दादरी | हरियाणा रोडवेज, चरखी दादरी डिपो के बस स्टैंड और कर्मशाला में विज्ञापन बोर्ड्स / होर्डिंग्स को स्थापित करना। | 03.01.2024 22.01.2024 | 05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992725955 gmhrddr@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव शामड़ी सिसान में पंडित चौपाल से भुना रोड तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 30.12.2023 09.01.2024 | 36.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 Kram8175@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/480/23842/I/88/7 दि. 01.01.24

# सीएम योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों से की मुलाकात, दिए

# जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो, कब्जा जमाने वालों पर हो कानूनी कार्रवाई, काम में देरी बर्दाश्त नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

गोरखपुर प्रवास के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सीएम ने इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। नववर्ष के पहले दिन कड़ाके की ठंड के बावजूद सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ति की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। काम में देरी बर्दाश्त नहीं होगी।



## हर पीड़ित की समस्या का समाधान करने दृढ़ संकल्पित

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**एक-एक फरियादी से मिले**

प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा मारे-पीटे जाने की पीड़ा बताई तो सीएम ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### इलाज से जुड़ी प्रक्रिया जल्दी से पूरा करें

सीएम के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए सीएम ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### पारदर्शिता व निष्पक्षता से हो समाधान

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या बताने पर सीएम योगी ने अधिकारियों को आवास का इंतजाम करने का निर्देश दिया।

### महोत्सव में लगाएं गोरखपुर के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव में गोरखपुर के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाए। इसमें गोरखपुर पर केंद्रित विशिष्ट लेखों को लोगों के अवलोकनार्थ रखा जाए। साथ ही लुप्त हो रहे पारंपरिक वाद्य, गायन व नृत्य कलाओं को महोत्सव के जरिये प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाएं। सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में गोरखपुर महोत्सव, खिचड़ी मेला की तैयारियों और जिले के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। गोरखपुर महोत्सव और खिचड़ी मेला की अब तक हुई तैयारियों की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा करें।

### सीएम को सामने देख चौंके बच्चे

## बोले- हैप्पी न्यू ईयर महाराज जी



गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी नजर दो बच्चों पर पड़ी। उन्होंने उन्हें अपने पास बुलाया। सीएम योगी को सामने देख बच्चों को यकीन ही नहीं हो पा रहा था। प्रफुल्लित होकर वे सीएम के पास पहुंचे और चरण स्पर्श कर बोल पड़े, 'हैप्पी न्यू ईयर महराज जी।' यह सुनते ही सीएम मुस्कुराने लगे। सिर पर हाथ फेरकर शुभकामनाएं, आशीर्वाद देने के साथ उन्होंने बच्चों का नाम और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा।

प्रयागराज निवासी शिवम पटेल ने सीएम से कहा कि आज उसका जन्मदिन है और वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लेने आया है। यह सुनते ही सीएम योगी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने बच्चों को खूब पढ़ने, स्वस्थ रहने और खूब आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।


## खबर संक्षेप

### विधायक सरफराज ने दिया इस्तीफा



**रांची।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की जानकारी नए साल के पहले दिन लोगों को मिली। सरफराज के इस्तीफे के बाद गांडेय विधानसभा सीट रिक्त हो गई है। सरफराज अहमद ने बताया कि उन्होंने निजी और पारिवारिक कारणों से इस्तीफा दिया है। यह उनका व्यक्तिगत फैसला है। इसके लिए न तो किसी ने उन्हें बाध्य किया और न ही उनपर दबाव बनाया। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में कई चर्चा होती रही।

### टूटी पटरी से गुजरी ट्रेन बड़ा हादसा टला



**पटना।** नए साल के पहले दिन बड़ा रेल हादसा टल गया है। सोमवार अहले सुबह टूटी पटरी पर फरक्का-दिल्ली एक्सप्रेस (अप 13483) गुजर गई। यह घटना पटना के खुसरुपुर अप मन लाइन पर हुई। पटरी दो भागों में टूट गई थी। जब तक रेलवे कर्मियों को इसकी भनक लगती तब तक सुबह चार बजकर पांच मिनट पर फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन गुजर गई। ट्रेन के गुजरने के बाद रेलवेकर्मियों ने मामले की जांच की तो दंग रह गए। फौरन रेल मंडल दानापुर के कंट्रोल को दी गई। फतुहा से पीडब्लूआई की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद रेलवे कर्मियों ने काफी मशक्कत कर पटरी को ठीक किया।

### वात्सल्य ग्राम में संविदम गुरूकुलम बालिका सैनिक विद्यालय का राजनाथ सिंह और योगी ने किया उद्घाटन

# अयोध्या का नाम लेने में जो लोग संकोच करते थे वे आज निमंत्रण पत्र की बाट जोह रहे:सीएम योगी

डॉ. कमलकान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

वृन्दावन स्थित वात्सल्य ग्राम में सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वात्सल्य ग्राम में आयोजित षष्ठीपूर्ति महोत्सव में भाग लिया। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ कमिश्नर आगरा मंडल ऋतु माहेश्वरी, जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह आदि उच्चाधिकारियों द्वारा स्वागत एवं आगवानी की। साध्वी ऋतंभरा के महोत्सव में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी रेड कार्पेट पर चलकर वात्सल्य ग्राम पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक विद्यालय का उद्घाटन किया।

**खास बातें**

- यूपी में सुरक्षा समृद्धि गौरव का भाव पैदा हुआ
- संवाद से समस्या का समाधान होगा
- यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर बदल गया
- अयोध्या सड़क, वायु, रेल मार्ग के बाद जल मार्ग से जुड़ेगा

वृन्दावन स्थित वात्सल्य ग्राम में सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वात्सल्य ग्राम में आयोजित षष्ठीपूर्ति महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक विद्यालय का उद्घाटन किया।



### वात्सल्य ग्राम में भारत का परिदृश्य

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरूआत राधे-राधे, बांकेबिहारी लाल की जय, भारत माता की जय के साथ करते हुए कहा कि अब संघर्ष से नहीं संवाद से समस्या का समाधान होगा। वात्सल्य ग्राम में भारत का परिदृश्य झलकता है। अयोध्या का नाम लेने में जो लोग संकोच करते थे वह आज निमंत्रण पत्र की बाट जोह रहे है। उन्होंने कहा कि देश की अवाम लंबे समय तक गुलामी खण्ड में कुप्रथा के साथ जी है, वात्सल्य ग्राम में आज से एक नए कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है।

### समाज को अपना परिवार माना

महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अयोध्या के भव्य राममंदिर निर्माण में साध्वी ऋतंभरा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। राममंदिर निर्माण आंदोलन को उन्होंने धार देने का काम किया है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास कोई समय नहीं है यहां तक कि अपने लिए भी नहीं, परन्तु ऋतंभरा ने समाज के उत्थान के लिए काम किया, समाज को अपना परिवार माना है, वह राष्ट्र के प्रति निष्ठा दर्शाता है। आज यूपी की जनता के मन में सुरक्षा समृद्धि गौरव का भाव पैदा हुआ है क्योंकि शासन का मुखिया एक संत योगी है। भारत एक अद्भुत देश है। ऋतंभरा का आदेश था वृन्दावन में बालिकाओं का सैनिक स्कूल होना चाहिए उसका उद्घाटन आज हो गया।

### स्कूल भारत की मिशन शक्ति का अद्भुत उदाहरण

सीएम योगी ने कहा कि यहां बालिकाओं का सैनिक स्कूल खोले जाने से भारत की मिशन शक्ति का यह अद्भुत उदाहरण है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान स्वाबलम्बन के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करने होंगे। प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए प्रत्येक भारतवासी को पंच प्रण लेना चाहिए। सीएम ने कहा हजारों वर्ष पूर्व पुष्पक विमान से प्रभु श्री राम अयोध्या आए थे आज वहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन हो चुका है तथा पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर बदल गया है। छह-छह लेन की सड़क बन गई हैं। 22 जनवरी के पश्चात आप जब अयोध्या जायेंगे तब आपको त्रेता युग की याद आयेगी। अयोध्या सड़क, वायु रेल मार्ग से जुड़ने के बाद जल्द ही जल मार्ग से जुड़ने जा रहा है।

**भारत में दुनिया को शक्ति दिखाने का सामर्थ्य**

140 करोड़ भारतीय आज इतनी ताकत रखते हैं कि वह पूरी दुनिया को अपनी शक्ति दिखा सकें। महोत्सव में साध्वी ऋतंभरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि माता-पिता ने उनका नाम निशा रखा था पर सद गुरू परमानंद ने उनको दीक्षा प्रदान कर नाम ऋतंभरा कर दिया। संत परमानंद महाराज ने कहा कि सीएम योगी यूपी में अन्याय नहीं कर रहे वह अन्यायियों को निपटा रहे है। देश का अभिशाप है छुआ-छूत, ऊंच-नीच। समाज में समरसता की आवश्यक है। उससे हमारा देश पुनः सोने की चिड़िया बन जायेगा। महोत्सव को जगद गुरू राम भद्राचार्य, विजय कौशल महाराज, संत गुरू शरणानंद, गीता मनीषी श्रद्धानंद, गुरू मां आनंद मूर्ति, केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति आदि ने संबोधित किया। संचालन योग गुरू बाबा रामदेव कर रहे थे। साधु-संतों के अलावा मंच पर केबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण, संघ प्रचारक दिनेश, सेठ नारायणदास, विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग आदि मौजूद थे।



### समविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल

वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में बने इस स्कूल का नाम समविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल है। छठी कक्षा से 12वीं कक्षा तक संचालित होने जा रहे इस स्कूल में 120 बेटियां शिक्षा लेंगी। इसमें प्रवेश के लिए 21 जनवरी को प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा कराई जाएगी। देश भर की बालिकाओं ने परीक्षा में भाग लेने को पहले ही आवेदन कर रखा है। इस स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई भी होगी। सेना के पूर्व अधिकारी व एनसीसी के अधिकारी सेना की तैयारी कराएंगे।



## प्रदेश के नियमित कर्मियों को मिलेगी कैशलेस सुविधा : मनोहर लाल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने नववर्ष के अवसर पर सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का तोहफा दिया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और सीएम मनोहर लाल ने सोमवार को आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। सरकार ने 1 नवंबर, 2023 को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दो विभागों मत्सय व बागवानी के कर्मचारियों के लिए शुरू की थी। अब सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए विस्तारित कर दिया है। इस योजना को पायलट आधार पर बागवानी और मत्स्य पालन विभाग, आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस के कर्मचारियों और उनके आश्रितों तक भी बढ़ाया जा रहा है। यह योजना आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण (राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।

**इन बीमारियों में फायदा :** इस योजना में इस योजना के तहत न सिर्फ गंभीर बीमारियों को कवर किया जाएगा, बल्कि सभी प्रकार के इनडोर उपचारों व डे केयर प्रक्रियाओं को कवर किया जाएगा। गंभीर बीमारियों में हृदय संबंधी आपात स्थिति, मस्तिष्क रक्तस्राव, कोमा, बिजली का झटका, तीसरी और चौथी स्टेज का कैंसर और दुर्घटनाओं को कवर करेगी। ये सेवाएं डीजीएचएस के पैनल में शामिल सभी अस्पतालों में लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होंगी।

### पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी पर बड़ी कार्रवाई

## गैंगस्टर एक्ट के तहत 31 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां जब्त

एजेंसी ▶▶ मेरठ



बसपा सरकार में मंत्री रहे मीट कारोबारी याकूब कुरैशी और उनके परिजनों व कर्मचारियों के नाम खरीदी गई 31 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस जब्त कर ली है। संपत्ति के साथ इनोवा क्रिस्टा और स्कार्पियो भी कुर्क की गई हैं। याकूब कुरैशी फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं। इस मामले में उनकी पत्नी संजीदा बेगम उर्फ समजीदा बेगम, पुत्र इमरान कुरैशी व फिरोज उर्फ भूरा के अलावा उनके कर्मचारी शामिल हैं।

**ये संपत्ति की गई कुर्क**

माई सिटी हास्पिटल भवन संख्या-72 मौहल्ला भवानी नगर वार्ड नंबर-73 नौचंदी मेरठ (भूखंड क्षेत्रफल-1500 वर्ग मीटर), इंद्रप्रस्थ एजूकेशनल एंड कलचरल सोसायटी 35 शिवाजी रोड सेक्टर-7 शास्त्रीनगर मेरठ (3265.35 वर्ग मीटर), मैसर्स अल फहीम मीटैक्स प्राईवेट लिमिटेड ढिलौला मेरठ फैक्ट्री। भूखंड संख्या-32 सेक्टर-10 शास्त्रीनगर योजना संख्या-07 (भ288 वर्ग मीटर), इमरान कुरेशी के नाम संपत्ति, सराय बहलीम स्थित मकान, भूखंड संख्या-101ए/10 सेक्टर-10 शास्त्रीनगर योजना संख्या-7 (213.60 वर्ग मीटर), हाजी याकूब कुरैशी की पुत्री 13 वर्षीय अलीशा के नाम संपत्ति, भूखंड संख्या-34/10 सेक्टर-10 शास्त्रीनगर योजना संख्या-7 (288 वर्ग मीटर)।

## पेज एक का शेष

### अंधेरे में डूबे 34...

और लोगों को यहां से बाहर निकाला जा रहा है। जापान के मौसम विभाग ने इशिकावा प्रांत के नोटो शहर में एक बड़ी सुनामी की चेतावनी जारी है, जिसमें लगभग 5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताई गई है। सिलसिलेवार भूकंपीय गतिविधियों के बाद 34,000 घरों में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है। मध्य जापान में कई प्रमुख राजमार्ग बंद करने पड़े हैं, क्योंकि भूकंप के कारण सड़कों में बड़ी दारारें पड़ गई हैं। करीब 51 हजार लोगों से उनके घर खाली करवाए गए हैं।

इशिकावा और निगाटा में हाई स्पीड रेल सेवाएं प्रभावितः जापान ने इशिकावा प्रांत के लिए हाई स्पीड रेल सेवाएं निलंबित कर दी हैं। टेलीकॉम ऑपरेटर्स ने इशिकावा और निगाटा में फोन और इंटरनेट सेवाएं बाधित होने की सूचना दी है। भूकंप से राजधानी टोक्यो में भी इमारतें हिल गईं। जापानी एयरलाइन एएनए ने भूकंप के बाद टोयामा और इशिकावा हवाई अड्डों की ओर जाने वाले चार विमानों को बीच रास्ते से ही लौटा दिया। जापान एयरलाइंस ने अगले आदेश तक के लिए निगाटा और इशिकावा क्षेत्रों के लिए अपनी अधिकांश उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### 3 जनवरी तक का...

के सोनू यादव कहते हैं कि सड़कों पर रोजाना लाखों की संख्या में ट्रक ड्राइवर चलते हैं और कई दुर्घटनाएं भी होती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में अक्सर ड्राइवर अपनी जान बचाकर निकलता है। भले ही गलती ट्रक ड्राइवर की हो या ना हो। उनका कहना है अगर ड्राइवर वहां पर रुक जाए तो मौजूद भीड़ की हत्या तक कर सकती है। अब नए कानून में अगर वह ड्राइवर भाग जाता है तो उसको 2 साल की जगह पर 10 साल की सजा और सात लाख रुपए का जुर्माना देना होगा।

### हिट एंड रन कानून...

चालकों का है। भारत इस समय वाहन चालकों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में 10 साल की सजा के प्रावधान के बाद अब ट्रक ड्राइवर नौकरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### मूसेवाला हत्याकांड...

भी बराड़ के जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

**कौन है गोल्डी बराड़?:** मूल रूप से पंजाब के फरीदकोट जिले के निवासी गोल्डी का जन्म साल 1994 में हुआ था। उसके पिता पुलिसकर्मी थे वह गैंग्स्टर लॉरेंस बिश्नोई का काफी करीबी माना जाता है। वह फिलहाल कनाडा में रह रहा है। वह कॉलेज का ड्रॉप आउट छात्र है, और पढ़ाई छोड़ने के बाद से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय है। साल 2019 में गोल्डी बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह भारत के कई नेताओं को धमकी भरे कॉल करने, फिरौती मांगने और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर हत्याओं के दावों को पोस्ट करने के लिए भी जाना जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह भी दावा किया जाता है कि गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की जुलाई 2021 में चंडीगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में एक डिस्को के बाहर हत्या कर दी गई थी। गुरलाल लारेंस बिश्नोई और गोल्डी का करीबी सहयोगी था। इस मौत का बदला लेने के लिए गोल्डी बराड़ ने कथित तौर पर फरीदकोट में युवा कांग्रेस नेता गुरलाल पहलवान की हत्या की साजिश रची थी। गोल्डी बराड़ कनाडा में जबरन वसूली जिसे एक्सटॉर्शन मनी के नाम से जाना जाता है, शुरू कर दी। इस दौरान उसने कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का भी काम शुरू कर दिया। अब तक उसके खिलाफ कई जिलों में हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली सहित 50 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

### तवांग से लेकर कच्छ...

की संयुक्त संस्थाओं की ओर से 14 जनवरी से ही हर घर को रोशन करने की व्यवस्थाएं की जाने लगी हैं। धार्मिक संगठनों की संयुक्त संस्था अखिल भारतीय सनातन महासभा ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और तवांग से लेकर कच्छ तक के मंदिरों और घरों में दीपावली मनाने की योजना बना ली हैं। संगठन के संरक्षक के मुताबिक 22 तारीख की शाम को तो श्रीराम ज्योति जलेगी ही, लेकिन उससे पहले हर घर में कम से कम एक दीपक जलाने के लिए उनकी संस्था ने काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय सनातन महासभा के संरक्षक पंडित प्रदीप तिवारी कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के साथ ही उनकी संस्था ने 11 हजार धर्माचार्यों के माध्यम से देश के सभी राज्यों में इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह कहते हैं कि परशुराम कुंड से लेकर भुज के लक्ष्मी नारायण मंदिर और कश्मीर के शारदा पीठ से लेकर कन्याकुमारी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान करने वाले आचार्य के साथ इस अभियान और दीप ज्योति को हर घर तक पहुंचाने की तैयारी हुई है।

### देश के अलग...

कुलबीर यादव कहते हैं कि उनकी यात्रा पूरे हरियाणा में निकल रही है। इस यात्रा का मकसद लोगों को कम से कम 108 श्रीराम ज्योति अपने घर में 22 जनवरी को जलाने की अपील करना है। वह कहते हैं कि उनके संगठन के सदस्य तमिलनाडु में पिछले एक सप्ताह से पदयात्रा करके लोगों को दीपोत्सव की तैयारियों के लिए जाग्रत कर रहे हैं।

### सी कैटेगरी की स्काई डाइविंग लाइसेंस प्राप्त कर

# अनामिका ने राम मंदिर ध्वज लेकर 13 हजार फीट की ऊंचाई से लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्त अपनी-अपनी तरह से खुशियां जाहिर कर रहे हैं। संगमनगरी की स्काई डाइवर अनामिका शर्मा (23) ने रविवार को एक और उपलब्धि हासिल की। बैंकॉक में 13 हजार फीट की उंचाई से राम मंदिर के ध्वज के साथ हैरतअंगेज छलांग लगाकर अपनी आस्था और खुशी जाहिर की है।



### भव्य राम मंदिर को सम्मान दिया

अनामिका ने बताया कि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। भगवान राम के भव्य राम मंदिर को सम्मान देने के लिए ही उन्होंने ध्वज के साथ छलांग लगाई है। इस उपलब्धि पर मां प्रियंका बेहद खुश नजर आईं। कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। भगवान राम के सम्मान में बेटी ने जो कारनामा दिखाया है, वह आसान नहीं है।

### दस वर्ष की उम्र से ही रच रही इतिहास

अनामिका ने अपनी पहली स्काई डाइविंग जंप महज दस वर्ष की उम्र में ही की थी। 20 साल की उम्र में उन्होंने स्काई डाइविंग का लाइसेंस प्राप्त कर लिया था। वह अब तक 300 स्काई डाइव पार कर चुकी हैं। उन्होंने यह हैरतअंगेज कारनामा अपने पिता अजय शर्मा से सीखा है। पिता भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त जूनियर वारंट ऑफिसर, प्रशिक्षित कमांडो और प्रोफेशनल स्काई डाइवर हैं। अजय अबतक 650 बार स्काई डाइविंग कर चुके हैं।

### थाइलैंड में बजीं तालियां

अनामिका ने राम मंदिर के सम्मान में यह छलांग थाइलैंड के रेयांग शहर में लगाई है। थाईलैंड हनुमानजी को अपना रक्षक मानता है। अनामिका ने जैसे ही सनातनी और धार्मिक श्रीराम का ध्वज आकाश में फहराया तो थाइलैंड के स्थानीय नागरिकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया।

### श्रीराम का जयकारा लगाया

यूएसपीए (यूनाइटेड स्टेट पैराशूट एसोसिएशन) की सी कैटेगरी की स्काई डाइविंग लाइसेंस प्राप्त कर चुकीं अनामिका ने एक पखवाड़े पहले ही रोडियो स्काई डाइव जंप कर इतिहास रचा था। अनामिका ने बैंकॉक में आसमान से 13000 फीट की ऊंचाई से जय श्रीराम के जयकारे संग छलांग लगाई। इस दौरान उनके हाथ में राम मंदिर का ध्वज भी था।



हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

# नूतन वर्षः नई उम्मीदें.. नए संकल्प

आवरण कथा / विनीता

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-


## मन से बनें मजबूत

नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।



## हर हाल में रहें खुश

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी उदासी दूर करने और खुश रहने में मदद मिलेगी।



## सेहत का रखें ध्यान

अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसके लिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

## बनें वक्त के पाबंद

जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।

## अपनी प्राथमिकताएं पहचानें

अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से पूरा करने की कोशिश करें। तभी आप अपना लक्ष्य पा सकेंगे।

## अपना भी रखें खयाल

अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

# नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स



नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगे:** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उथल-पुथल भी सामने आएगी। भावनाओं और विचारों के बारे में खुलकर बतियाना कभी बड़ों को समय रहते चेता देगा तो कभी उनकी मनःस्थिति को समझाने वाला साबित होगा।



**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगे:** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और वर्चुअल दुनिया के बजाय अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं। अकसर बच्चों से पहले बड़े इन साझा संकल्पों से दूरी बना लेते हैं। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए आपका भी उस राह पर चलना जरूरी है।

-डॉ. मोनिका शर्मा

सलाह / सरस्वती रमेश

# अपने रिश्तों को सहेजें

आज हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। कुछ तो इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि इनके पास अपने रिश्तेदारों क्या, परिवार के लिए भी समय नहीं है। ऐसे लोग अपनों से दूर होते जाते हैं, अकेले हो जाते हैं। यह सही नहीं है। तो क्यों ना नए साल में हमारा एक रेजॉल्यूशन यह भी हो कि इस साल अपने रिश्तों को सहेजेंगे, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के बीच जाकर प्यार-मिठास घोलेंगे। हम यह जरूर समझें कि हमारे जीवन में रिश्ते क्यों अहम हैं।

**रिश्तों से आसान हो जाता है जीवनः** सबसे पहले हम यह जानें कि घर-परिवार एक ऐसी जगह है, जो हमें हमारी सभी कमियों के साथ पूरी तरह स्वीकार करता है। हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा होकर हमारा हौसला बढ़ाता है, हमें हिम्मत देता है। परिवार और रिश्तेदारों से मिलने वाला सहयोग बेशर्त होता है और हमसे भी बदले में बेशर्त समर्पण और लगाव की कामना करता है। अगर अपने साथ हों तो सुख दोगुना हो जाता है, दुख आधा होकर मिट जाता है। जिस तरह किसी के साथ होने से सफर आसान लगता है, उसी तरह रिश्तों के साथ से



जीवन आसान लगता है। किसी संकट या उलझन में फंसने से हम बच जाते हैं। तो इस नए साल में रिश्तों में ऊष्मा भर अपनी खुशियों को दोगुना करें।

**रिश्ते हमें बिखरने नहीं देते :** जीवन में कई बार ऐसा कुछ घट जाता है, जब हम टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। हताशा-निराशा से घिरकर अपने आपको बहुत अकेला और बहुत कमजोर समझते हैं। हमें अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। ऐसे में आर्थिक मदद से ज्यादा हमें भावनात्मक संबल की जरूरत होती है।

किसी के साथ और उसके भावनात्मक सहारे के बल पर हमें घोर निराशा की स्थिति में एक आशा दिखने लगती है। उसकी संबल भरी बातों के सहारे हम कठिन से कठिन परिस्थितियों से निकल कर खड़े होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। इसलिए अपने रिश्तों को सहेजना, उन्हें समय-समय पर प्रेम-स्नेह और लगाव के जल से सींचते हुए हरा-भरा रखना जरूरी है। ये रिश्ते ही होते हैं, जो जीवन में छायी तपती धूप में हमें अपनी शीतल छांव देकर राहत देते हैं। इसलिए नए साल के संकल्पों में एक संकल्प अपने रिश्ते निभाने और गहराने का भी लें।

मेकओवर-2024

पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

# इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स

साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले ट्रेंड्स के बारे में।

**स्किन केयर :** इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।

**मेकअप ट्रेंड :** अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस





तरह के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।

**हेयर स्टाइल ट्रेंड :** इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।

प्रस्तुति : ललिता गोयल

हेल्थ एडवाइस/ डॉ. रिचा दीवान

सीनियर फिजिशियन, सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई गोल्स डिसाइड किए होंगे। इन्हें अचीव करने के लिए आपको हेल्दी-फिट रहना जरूरी है। हेल्दी-फिट आप तभी रहेंगी, जब कुछ हेल्थ रेजॉल्यूशंस को फॉलो करेंगी।

# तब आप रहेंगी पूरे साल हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि शुरू हुए नए साल में आप हेल्दी रहें ताकि पूरी एनर्जी के साथ अपने टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर सकें। इसके लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ रूल्स को फॉलो करना होगा।

**फ्रेश-हेल्दी डाइट :** हेल्दी रहने के लिए आप घर का बना खाना ही खाएं, क्योंकि घर में बनाए खाने में अधिक न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी डाइट में सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन, कार्ब्स, विटामिंस और मिनरल्स उपस्थित हों। बहुत ज्यादा फैटी, स्पाइसी और ऑयली फूड्स खाने से बचें। आप अगर फिगर-कॉन्शस हैं तो भी स्लिम दिखने के लिए कीटो डाइट, लो कार्बोहाइड्रेट डाइट या मेडिटेरेनियन जैसी डाइट को बिना किसी एक्सपर्ट एडवाइस के फॉलो ना करें। इसके बजाय न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना फायदेमंद होगा। हेल्दी रहने के लिए खाने की प्लेट को ज्यादा से ज्यादा कलरफुल बनाएं यानी उसमें कई रंगों की सब्जियां शामिल करें। डेली सीजनल और फ्रेश फ्रूट्स खाने की हैबिट भी बहुत यूजफुल है। इसके अलावा जंक फूड, स्ट्रीट फूड, पैक्ड फूड और हर तरह के फास्ट फूड्स अवॉयड करें। ऑन द स्पॉट कुकिंग के नाम पर मिलने वाले ज्यादातर स्ट्रीट फूड बासी होते हैं, जिन्हें गर्म करके सर्व करने पर उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। चारकोल पर बने ग्रिल्ड फूड खाने में भले ही अच्छे लगें, कार्बनयुक्त धुएं की वजह से ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक होते हैं। प्रीजर्वेटिव युक्त इंस्टेंट फूड्स से परहेज करना भी जरूरी है।



**डिटॉक्सीनेशनः** रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं। दिन में एकाध बार एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी, हर्बल टी या सुबह खाली पेट डिटॉक्स वॉटर भी ले सकती हैं। ये ना केवल आपके शरीर से फ्री रेडिकल्स यानी टॉक्सिक मैटर को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारु रूप से चलाने में मदद भी करता है। पानी की कमी या डिहाइड्रेशन होने पर चिड़चिड़ापन, कंसंट्रेशन में कमी आती है और तनाव भी बढ़ता है। लेकिन लिक्विड के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक्स, डाइट ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स को अवॉयड करें। इनमें मौजूद प्रीजर्वेटिव और एसिडिक तत्व डाइजेस्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके बजाय नीबू पानी, नारियल पानी या बिना चीनी के फ्रूट जूस पीना बेहतर है।

**फिजिकल एक्टिविटी :** अधिकतर वर्किंग और घरेलू महिलाएं बिजी रहने की वजह से अपनी फिटनेस को इग्नोर करती हैं। लंबे समय तक फिट और एक्टिव बने रहने के लिए कितनी भी बिजी रहें एक्सरसाइज के लिए कुछ टाइम जरूर निकालें। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहना, सिगरेट पीने जितना खतरनाक होता है। इसलिए जरूरी है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम ना करें, ब्रेक लेती रहें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या कमरे में वॉक तो कर ही सकती हैं। सुबह या शाम वॉकिंग और एक्सरसाइज जरूर करें।

**रेग्युलर मेडिटेशनः** रोज सुबह कम से कम 10 मिनट मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस से दूर रहेंगी। आपकी याददाश्त तेज होगी और आप दिन भर के लिए पॉजिटिव सोच से भर जाएंगी। मेडिटेशन करने से ब्रेन पॉजिटिव हार्मोंस रिलीज करता है, जो शरीर में एंटी एजिंग और एंटी डिजीज वाइब्स का संचार करता है। यह मेंटल हेल्थ को इंप्रूव कर ब्रेन पॉवर और मेमोरी को भी बूस्ट करता है। इम्यून सिस्टम को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है और कई मानसिक समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**फिक्स स्लीप टाइमः** इस साल हेल्दी रहने के लिए देर रात तक जागने के बजाय जल्दी सोने का खुद से प्रॉमिस करें। अच्छी हेल्थ के लिए रात में फिक्स टाइम पर सोना और जल्दी उठना बहुत कारगर है।

इस तरह यहां दिए गए एडवाइसेस को फॉलो करने से ना केवल इस पूरे साल बल्कि आने वाले कई साल तक आप हेल्दी-फिट रहेंगी।

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा



## खबर संक्षेप

### जनता की जिंदगी में नया साल सुख समृद्धि व रिद्धि-सिद्धि लेकर आए

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नया साल



जनता की जिंदगी में सुख समृद्धि और रिद्धि सिद्धि लेकर आए सभी के घर आंगन में खुशियां आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस नए साल में भी भारत की प्रगति और विकास होगा न केवल देश की प्रगति होगी, बल्कि जनता के कल्याण में भी प्रधानमंत्री मोदी ऐतिहासिक काम करेंगे और पूरे विश्व को दिशा दिखाने का काम होगा। शिवराज ने कहा मां, बहन और बेटी को न्याय दिलाना मेरे जीवन का मिशन है।

### आइओसीएल के टैंकर चालकों ने खत्म की हड़ताल



**कोरबा।** केंद्र सरकार के नए कानून हिट एंड रन के विरोध में आंदोलन कर रहे चालकों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के समझाइश के बाद आइओसीएल के टैंकर चालक काम पर वापस लौटे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की ओर से गाड़ी ड्राइविंग को लेकर कानून में बदलाव किया है। इसके खिलाफ वाहन चालक गोपालपुर चौक में हड़ताल पर उतर गए थे। हड़ताल की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर टैंकर चालको को समझाइश दी। उन्होंने कहा यह कानून उन लोगों के लिए है, जो दुर्घटना के बाद फरार हो जाते है और वाहन मालिक भी अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करते हैं।

### आईएएस सोनमणि बोरा समेत 11 ऑफिसर्स को मिला प्रमोशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की नई विष्णुदेव सरकार में प्रशासनिक अधिकारियों के ट्रांसफर और प्रमोशन का सिलसिला बरकरार है। राज्य सरकार ने नए साल के पहले ही दिन वर्ष 1999 बैच के आईएएस ऑफिसर सोनमणि बोरा समेत साल 2011 बैच के 11 ऑफिसर्स को प्रोफार्मा पदोन्नति दी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने 25 साल की सेवा अवधि पूरा करने वाले बोरा को पे मैट्रिक लेवल 15 में पद्योनत दी है। दूसरी ओर साल 2011 बैच के 10 आईएएस ऑफिसर्स को पे मैट्रिक लेवल 13 पर प्रमोशन दिया है।

### मंत्रियों के विभाग तय होने के बाद अब प्रशासनिक सर्जरी जल्द




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रियों को विभाग बंटने के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों की सर्जरी भी जल्द होगी। इस बदलाव में मुख्यमंत्री सचिवालय में नए अधिकारियों की नियुक्ति होगी। साथ ही मंत्रालय और पुलिस मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों के विभाग में भी बड़े फेरबदल के संकेत हैं। मंत्रालय के अलावा संचालनालय के विभागीय अधिकारियों की भी बदली की जाएगी। वहीं जिलों के कलेक्टर-एसपी भी बदले जाएंगे। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में बड़े विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे और जिला स्तर पर करीबी रहे कलेक्टरों की नई पदस्थापना के संकेत हैं। इनमें मंत्रालय से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सिद्धार्थ कोमल परदेसी, अंकित आनंद, अन्य शामिल हैं।

---

### मध्य प्रदेश में 62 फीसदी राशनकार्ड धारियों का हुआ ई-केवायसी

# मप्र में 4 लाख 30 हजार से अधिक राशनकार्ड धारकों ने अन्य राज्यों से लिया अपना खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने राशन कार्डो का ई-केवायसी कराना शुरू किया है। अभी तक में प्रदेश भर में 62 फीसदी राशनकार्डो का ई-केवायसी किया जा चुका है। सभी जिलों को प्राथमिकता के तौर पर ई-केवायसी करने को कहा गया है, जबकि ई-केवायसी की वजह से प्रदेश के 4 लाख 30 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों ने अपने राज्य के बजाय अन्य राज्यों में पहुंचकर अपना खाद्यान्न प्राप्त किया है। ई-केवायसी नहीं होने की वजह से 38 फीसदी हितग्राहियों के पास खाद्यान्न, शक्कर व नमक आदि लेने की जानकारी नहीं मिल पाती। इसके साथ ही वे अपना खाद्यान्न यदि किसी अन्य दुकान, अन्य राज्य की दुकान से लेना चाहें तो नहीं ले पा रहे हैं। इससे हितग्राहियों को ही नुकसान उठाना पड़ता है।

मप्र में 5 करोड़ 37 लाख राशन कार्ड धारक ऐसे हैं, जो राशन दुकानों से राशन, जिसमें गेहूं व चावल, शक्कर व नमक प्राप्त कर रहे हैं। किंतु जिन कार्ड धारकों के ई-केवायसी हो चुके हैं, इनमें से कइयों ने अपने मनवांछित दुकान से राशन आदि लेना शुरू किया है। यानी यह कोई जरूरी नहीं रह गया है कि किसी क्षेत्र में यदि कोई राशन कार्ड धारी रजिस्टर्ड है तो वह उसी राशन दुकान से ही राशन प्राप्त करेगा। अब कोई भी राशन कार्ड धारी कहीं से भी राशन आदि प्राप्त कर सकता है।

एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 127 राशनकार्ड धारकों ने अपनी दुकानों से राशन प्राप्त किया

ई-केवायसी के कारण अब कोई भी राशन कार्डधारी कहीं से भी राशन आदि प्राप्त कर सकता है

**पीओएस मशीन के माध्यम ई-केवायसी की कार्रवाई सतत रूप से जारी**

#### पीओएस मशीन से देश के किसी भी राज्य में हितग्राही ले सकता है राशन

एक बड़ा तथ्य यह है कि ई-केवायसी होने की वजह से प्रदेश के 4 लाख 30 हजार से अधिक राशन कार्ड धारकों ने अपने राज्य के बजाय अन्य राज्यों में पहुंचकर अपना खाद्यान्न प्राप्त किया है। दरअसल केंद्र व राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि बायोमिट्रिक वाले पीओएस मशीन से देश के किसी भी राज्य का हितग्राही किसी भी राज्य में जाकर अपना खाद्यान्न आदि ले सकता है। मप्र की सरकारी राशन की दुकानों से अब तक में अन्य राज्यों के 34,676 हितग्राहियों ने मप्र की दुकानों से खाद्यान्न आदि लिया है, जबकि मप्र के 3 लाख 95 हजार 592 हितग्राहियों ने अन्य राज्यों की दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त किया है। यह अब तक का रिकॉर्ड है।



#### प्रदेश में भी 22 लाख हितग्राहियों ने अन्य दुकानों से लिया सामान

खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 22 लाख 12 हजार 829 राशनकार्ड धारकों ने अपने क्षेत्र की राशन की दुकान के बजाय अन्य जिले की राशन दुकानों ने अपना राशन आदि प्राप्त किया है, जबकि एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 127 राशनकार्ड धारकों ने अपनी दुकानों से राशन प्राप्त किया। इस तरह की सुविधा प्राप्त होने से अब कोई भी राशनकार्ड धारी कहीं से भी अपने लिए आवंटित राशन आदि सामग्री प्राप्त कर सकता है। अब अपनी राशन की दुकान के बजाय आसपास या जिले के किसी अन्य दुकान पर पहुंचकर अपना राशन ले रहे हैं। इससे लोगों को आसानी से खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। इसमें घपले की गुंजायश भी काफी कम हो गई है।

#### बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन वितरण

खाद्य विभाग पात्र परिवारों की पहचान सुनिश्चित कर राशन वितरण करने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन वितरण करा रहा है, किन्तु, वृद्ध, निःशक्तजन एवं मजदूर हितग्राही जिनके बायोमेट्रिक सत्यापन सफल होने में कठिनाई उत्पन्न होती है, उनको मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से अथवा नामिनी के माध्यम से रासन वितरण की व्यवस्था की गई है। अब किसी भी पात्र परिवार को बायोमेट्रिक सत्यापन विफल होने के कारण राशन में वंचित नहीं किया जा रहा है।

#### अभी तक 3.31 करोड हितग्राहियों की ई-केवायसी

*खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सम्मिलित हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उचित मूल्य दुकानी पर लगाई गई पीओएस मशीन के माध्यम ई-केवायसी की कार्रवाई सतत रूप से की जा रही है। अभी तक 3.31 करोड हितग्राहियों की ई-केवायसी किया जा चुका है। पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण के समय पीओएस मशीन से जारी पावती एवं प्रदाय सामग्री की घोषणा होती है साथ ही, हितग्राही के मोबाइल पर एसएमएस से वितरित सामग्री की जानकारी भी दी जा रही है। अभी तक प्रदेश के 113.58 लाख (89%) परिवारों के डेटाबेस में मोबाइल दर्ज किए जा चुके हैं।*

---

### इंदौर में ड्राइवरों पर पुलिस का लाठी चार्ज

## सड़क दुर्घटना कानून का विरोध देर रात थमे ट्रकों-बसों के पहिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिट एंड रन केस को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में भोपाल से निकलने वाले हाइ-वे पर रविवार देर रात ट्रकों के पहिए थम गए। यात्री बसों के चालकों ने भी हड़ताल शुरू कर दी। इंदौर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम मार्ग पर जो ट्रक थे, वहां चालकों ने खड़े कर दिए। वहीं कई यात्री बसें भी चालकों ने नहीं चलाईं। नए वर्ष के पहले दिन ट्रक, यात्री बसों समेत स्कूल बसों के पहिए थमे रहेंगे। भोपाल सिटी बसें भी बंद रहेंगी, भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) व निजी बस मालिकों का कहना है कि चालकों से आग्रह किया है बसों का संचालन करें। बीसीएलएल के प्रवक्ता संजय सोनी ने बताया कि बस ऑपरेटर और चालकों को बसों का संचालन करने के लिए समझाया गया है। हमारा प्रयास है कि चालकों से बसों का संचालन कराए, जिससे लोगों को आवागन में परेशानी न हो। इधर स्कूल बस एसोसिएशन के मोहम्मद सरवर ने बताया कि हमारी तरफ से हड़ताल नहीं है। चालक देशव्यापी हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं।

#### लाठी चार्ज के विरोध में ड्राइवरों ने स्टीयरिंग छोड़ अभियान शुरू किया

केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के विरुद्ध लागू किए गए कानून का विरोध भोपाल के बाद इंदौर के मांगलिया में पेट्रोल डिपो पर टैंकर और वाहन चालकों ने रविवार को हड़ताल की, जिसकी सूचना डिपो मैनेजर द्वारा क्षेत्रीय एसडीएम को दी और दबाव बनाने पुलिस बुलाया। पुलिस द्वारा ड्राइवरों पर लाठी चार्ज किया गया, जिसके बाद प्रदेशभर में वाहन चालकों ने स्टीयरिंग छोड़ों अभियान शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि इंदौर के तेल कंपनी डिपो के डाइवरों पर लाठी चार्ज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ प्रदेशभर के वाहन चालक आक्रोशित हो गए है और वाहनों को नहीं चलाने का ऐलान कर दिया है।

#### पेट्रोल की किल्लत

ट्रक ड्राइवर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बीच रास्तों में ट्रकों को खड़े कर भाग गए हैं, जिससे पेट्रोल-डीजल डिपो व पंपों तक नहीं पहुंच रहा है। इसके चलते अब प्रदेश के कई जिलों के पंपों पर पेट्रोल किल्लत होने लगी है।

---

## सीएम ने जनता से किया अनुरोध, बोले- मुझसे मिलने आएं तो गुलदस्ता नहीं, एक फूल ही दें

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विष्णुदेव साय का नया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने नए वर्ष 2024 पर प्रदेशवासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि मुझसे मिलने आएं तो पुष्पगुच्छ नहीं सिर्फ एक फूल ही भेंट करें। सीएम ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर और आगे जब भी उनसे भेंट करने आएं, तो बड़े पुष्प गुच्छ देने के बजाय केवल एक पुष्प देकर मिल सकते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मेरे लिए यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि, नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाए। नया साल नई उम्मीदें लेकर आता है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुझे खुशी है कि पूर्व पीएम भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसम्बर को जन्म दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो वर्ष के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण कर दिया गया है।



#### हम हर वादा पूरा करेंगे

सीएम ने कहा कि हमने सरकार बनते ही गरीबों के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। हम गरीब भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना भी देंगे। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के ध्येय वाक्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता से किया हर वादा हम पूरा करेंगे।

### सीएम विष्णुदेव ने प्रदेशवासियों को दी नए साल की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नया साल 2024 की बधाई और शुभकानाएं दी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों से कहा कि नया वर्ष लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। नया साल नई उम्मीदें लेकर आता है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पित है। किसानों के बैंक खातों में दो वर्ष के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन व नीति विश्लेषण संस्थान का किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्थान के पुस्तकालय, बैठक कक्ष, लेक्चर हॉल और अन्य कक्षों के साथ ही उद्यान परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने संस्थान का निरीक्षण कर संस्थान की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सुशासन संस्थान की गतिविधियों पर केंद्रित प्रजेंटेशन भी देखा। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह और संस्थान के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश शर्मा उपस्थित थे।

#### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की बधाई

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने मंगलकामना की है कि नववर्ष 2024 सभी के लिए सुख, शांति, सद्भाव, समृद्धि और सफलता लेकर आए। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासियों को पूरी मेहनत के साथ काम करके प्रदेश को आगे बढ़ाने पर जोर देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा है कि विकसित और आत्म-निर्भर मप्र बनाने के लिए प्रदेशवासियों को आगे आना होगा। समृद्ध मप्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को संकल्पित होना होगा।

---

### केंद्र की सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश

## जिला स्तरीय बैठक में उप मुख्यमंत्री शर्मा ने योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

कबीरधाम जिले के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सोमवार को पहली बार जिला प्रशासन की बैठक ली। यह बैठक कलेक्टोरेट कार्यालय में सोमवार सुबह नौ से 12 बजे तक चली। बैठक में उन्होंने शासन की योजनाओं की समीक्षा किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि केन्द्र सरकार के सभी योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन होना चाहिए। लोगों तक शासन के सभी योजना का लाभ मिले, इस पर विशेष ध्यान दे। इसके अलावा विजय शर्मा ने बैठक में एक-एक अधिकारियों से परिचय भी लिया।

ज्यादातर अधिकारियों को डिप्टी सीएम विजय शर्मा पूर्व से ही जानते हैं। क्योंकि, विधायक बनने से पूर्व में वे कबीरधाम जिला पंचायत के सदस्य थे। ऐसे में लोगों के आवेदन, समस्या को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय में आते-जाते थे। इस बार विजय शर्मा राज्य के डिप्टी सीएम के साथ-साथ गृह मंत्री के हैसियत से बैठक में शामिल हुए।



#### विस क्षेत्रों के कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

गौरतलब है कि डिप्टी सीएम शर्मा ने रविवार को कवर्धा शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके बाद सोमवार को कलेक्टोरेट में बैठक लेने के बाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### मंत्रियों ने पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोमवार को नए वर्ष छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्री नए साल पर पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।





#### पूजा-अर्चना कर संभाला कामकाज

महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी नए साल के पहले दिन मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर कामकाज संभाला। इस मौके पर विभागीय सचिव भुवनेश यादव, संचालक दिव्या मिश्रा आदि विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे। राजवाड़े ने अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के संबंध में चर्चा की, इस संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए।

---

## मुख्यमंत्री के आदेश का पीएचक्यू ने किया अमल- 15 दिन में 1000 से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन

### जवानों के प्रमोशन के लिए ड्यूटी के दिनों में भी प्रशासन शाखा स्टाफ ने किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान, पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए 15 दिवस में पदोन्नति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया था। मुख्यमंत्री के आदेश पर डीजीपी सुधीर सक्सेना द्वारा पुलिस विभाग की सभी शाखाओं एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों के पुलिस अधीक्षकों, रेंज डीआईजी और जोनल आई जी को योजनाबद्ध तरीके से त्वरित कार्रवाई समय सीमा में किए जाने के लिए निर्देशित किया था। प्रशासन शाखा एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों की स्थापना शाखा से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों ने अवकाश के दिनों में भी कार्य करके संबंधित शासकीय सेवकों के सेवा विवरण तथा अन्य रिकॉर्ड प्राप्त किए।

#### आईजी से लेकर आरक्षक भी हुए पदोन्नत




#### परीक्षण के बाद योग्यता सूची जारी की

विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सेवा विवरण-रिकॉर्ड के परीक्षण के उपरांत योग्यता सूची जारी कर जिला बल के 298 उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर, 39 सूबेदारों को रक्षित निरीक्षक पद पर एवं विभिन्न जिला इकाइयों द्वारा 242 प्रधान आरक्षकों को सहायक उपनिरीक्षक पद पर तथा 210 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। विशेष सशस्त्र बल (एस ए एफ) में विभिन्न संवर्गों (जीड़ी, आर्म्स अश्वारोही, बैंड) में 67 उप निरीक्षक से निरीक्षक, 118 सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक एवं 167 प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई।

#### विशेष शाखा में विभिन्न रैंक के 56 अधिकारियों कर्मचारियों को पदोन्नति दी

विशेष शाखा में विभिन्न रैंक के 56 अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई। पुलिस रेडियो शाखा में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के 7 पदों पर, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के 37 पदों पर तथा उन्नत समयमान के 48 पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई। एडीजी स्तर के 2, आईजी स्तर के 15, डीआईजी स्तर के 18, प्रवर श्रेणी वेतनमान में 5 तथा जेएजी वेतनमान में 7 आइपीएस अधिकारियों को पदोन्नत किया गया। इस प्रकार पुलिस विभाग में 15 दिन से भी कम समय में 1334 पदोन्नतियां प्रदान की गई। वर्तमान में सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक पद के लिए लगभग 500 पद पर पदोन्नति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जिसमें शीघ्र ही आदेश जारी किए जाएंगे।

## ड्राइवरों ने हड़ताल कर किया चक्का जाम, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**जगदलपुर।** जगदलपुर में नववर्ष के पहले ही दिन बस्तर जिले में वाहन चालक संघ के द्वारा लाए गए कानून को लेकर विरोध शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते गीदम रोड़ में जाम लग गया वाहनों की आवाजाही बंद होने से गाड़ियां सड़कों पर खड़ी हो गई। इस हड़ताल से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आईपीसी की धारा में बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत बस ड्राइवर्स हिट एंड रन के नए कानून लागू किया गया है, ऐसे में अगर कोई भी ड्राइवर एक्सीडेंट के बाद भाग जाता है तो उसके खिलाफ सात लाख का जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया है। इसी का प्रदेश भर में बस संगठन ने विरोध किया है।ये हड़ताल तीन जनवरी तक जारी रहेगी। जब तक बस ड्राइवर की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हड़ताल जारी रहने की बात कहीं जा रही है। देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ शहर के गीदम रोड में ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवरों ने धरना शुरू किया। बताया जा रहा है कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-1137-PATHWAY DATE 29.12.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में बरैली मुरादावाद खंड के पुल संख्या 1137 (10x61.0m) UP & DN पर एक मीटर चौड़ा साइड पाथवे का कार्य। | ₹ 38762969.91 | ₹ 343800/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-BR-52-PATHWAY DATE 29.12.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद–गज़िआबाद खंड के पुल संख्या 52 (11X61.0m) UP & DN पर एक मीटर चौड़ा साइड पाथवे का कार्य। | ₹ 37126862.07 | ₹ 335600/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 3 | 32-W-BR-1125-1075-1077-MB DATE 29.12.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में बरैली–मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1125 (10X30.5m) UP & DN 1075 (7X30.5m) UP एवं 1077 (6X30.5m) UP पर एक मीटर चौड़ा साइड पाथवे का कार्य। | ₹ 33729711.62 | ₹ 318700/- | 6 (छह) महीने | दिनांक: 22.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। 02/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# शानदार टैक्स आंकड़ों से नव वर्ष का आगाज

नव वर्ष का आगाज आर्थिक मोर्चे पर बेहतर खबर से हुई है। दिसंबर में रिकार्ड जीएसटी संग्रह हुआ है, साल के पहले दिन ही शेयर बाजार ने नई ऊंचाई छुई है, तो प्रत्यक्ष कर संग्रह का आंकड़ा भी आकर्षक आया है। सोने व चांदी के भाव में भी निवेशकों के लिहाज से तेजी दर्ज किया गया। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसके साथ ही अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपये के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि दिसंबर इस वर्ष का सातवां महीना है जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ है। नए साल के पहले दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स व निफ्टी दोनों में तेजी रही। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद, वैश्विक स्तर पर महंगाई में कटौती, बॉन्ड प्रतिफल के नरम होने के चलते बाजार ने मजबूती दिखाई। इस सप्ताह, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होगा। इससे 2024 में नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्थिति साफ होगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 8.18 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किये गये हैं, जबकि एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भरे गये कुल आयकर रिटर्न से नौ प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के गत माह 17 दिसंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 20.66 फीसदी बढ़कर 13.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जमा होने की उम्मीद है। टैक्स संग्रह के ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाते हैं। इस वक्त भारत की जीडीपी दर दुनिया में सबसे तेज है। अर्थव्यवस्था के सभी इंडिकेटर सकारात्मक हैं, केवल खाद्यान्न महंगाई, बेरोजगारी और सर्विस सेक्टर के आंकड़े आकर्षक नहीं हैं। नव वर्ष के पहले दिन ही कर संग्रहों के आंकड़ों ने शुभ संकेत दिए हैं। हालांकि भूराजनीतिक तनाव, दो दो जंग, क्षेत्रीय संघर्ष, ट्रेड वार, ग्लोबल आपूर्ति तंत्र में रुकावटें आदि वैश्विक संकट नव वर्ष में भी कायम रहेंगे, जिनसे निपटते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मोमेंटम बनाए रखना होगा। चुनावी वर्ष होने के चलते इस साल आर्थिक गतिविधियां तेज रहेंगी, लेकिन इसके साथ ही लोकलुभावन घोषणाओं के चलते सरकार पर वित्तीय दबाव भी रहेगा। इसके बावजूद टैक्स कलेक्शन में तेजी एक अच्छा संकेत है। दुनिया आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देख रही है, जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे। उम्मीद है नए साल में भी टैक्स कलेक्शन नया रिकार्ड बनाता रहेगा।



नव वर्ष
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# मानवाधिकार संरक्षण हो संकल्प

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर खतरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। नव वर्ष में मानवाधिकार संरक्षण पर जोर होना चाहिए।

समय के सापेक्ष चलने में बहादुरी नहीं है। समय के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करने का वक्त है। विश्व में वर्ष 2023 में कई अद्भुत घटनाएं घटीं। हम 2024 में प्रवेश कर रहे हैं। 2023 को जल्द ही हम भूल जाएंगे। इस भूलभुलैया में कटी जा रही ज़िंदगी के बारे में विचार करें आप तो कभी कभी ऐसा लगेगा कि हम कितने भुलक्कड़ हैं जी। हम कल कुछ और सोच रहे थे और आज कुछ और। लेकिन यह जो आज के मुताबिक सोच रहे हैं, कल जो खोया-पाया उसे तो हम भूल ही गए। अच्छा हो, हम हर पल यादगार, अविस्मरणीय स्मृति बनाएं। अच्छा हो हम कुछ ऐसा करें जो केवल अपने लिए न हो, वरन सबके लिए हो। ऐसा करने के लिए हमें हमारे सचेतन मन के साथ मेलजोल बनाकर आगे बढ़ना आवश्यक होगा। 2023 के लिए मानवाधिकार क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार विजेताओं की घोषणा हुई। इसमें मानवाधिकार केन्द्र 'वियास्ना', बेलारूस, जूलिएन लुसेंज, काँगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मानवाधिकार अध्ययन के लिए अम्मान केन्द्र, जॉर्डन, जूलियो पेरेरा, उरुग्वे, स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण के अधिकार की सार्वभौमिक मान्यता के लिए नागरिक समाज संगठनों, आदिवासी लोगों समेत अन्य हितधारकों का वैश्विक गठबंधन, इन्हें मानव अधिकारों के हितधारक बताया गया है। यह पुरस्कार इसलिए दिए जाते हैं ताकि नई पीढ़ी के लोग आगे आकर ऐसे कर्त्तव्य करें जिसमें समाज का हित शामिल हो। सबकी गरिमा की रक्षा होती हो या ऐसे नागरिक समज का निर्माण होता हो, जो मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए अभी, और भविष्य में भी काम आएंगे। यह सचेतन मन वाले लोग हैं जो दुनिया में व्याप्त दर्द को समझकर उनके लिए काम कर रहे हैं। पुरस्कार उनके अभिनंदन का प्रतीक हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर ख़तरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। महासचिव गुटेरेश चाहते हैं कि युद्धों की संख्या और तीव्रता बढ़ती जा रही है और आपसी विश्वास घट रहा है। एक-दूसरे पर उंगली उठाने और बन्दूक तानने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं, ये सब बंद हो। उनका मानना है कि जब हम एक साथ खड़े होते हैं, तो मानवता मज़बूत होती है।

एंटोनियो गुटेरेस के मन में कहीं न कहीं मानव अधिकारों के गिरते स्तर पर भयानक आक्रोश है क्योंकि ये सभी तत्व मानवाधिकारों के हनन के कारक बने हुए हैं और देश एक दूसरे से दूर भाग रहे हैं। एक बार हम सभी नववर्ष के स्वागत में जब खड़े हैं तो एंटोनियो गुटेरेस ने नववर्ष 2024 को विश्वास के पुनर्निर्माण और आशा की




बहाली का साल बनाने की पुकार लगाई। साझा समाधानों की ख़ातिर, मतभेदों को दूर करके, एकजुट होने का आह्वान किया। जलवायु कार्रवाई, आर्थिक अवसरों और एक निष्पक्ष वैश्विक वित्तीय प्रणाली के लिए, जिसका लाभ सर्वजन को पहुँचाया जा सके इसके लिए हमें साथ मिलकर, उस भेदभाव और नफ़रत के ख़िलाफ़ खड़ा होने को कहा है जो देशों और समुदायों के बीच संबंधों में ज़हर घोल रहे हैं। उनका आह्वान है कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई प्रौद्योगिकियों से, कल्याण सुनिश्चित हो। संयुक्त राष्ट्र, दुनिया को शान्ति, सतत विकास और मानवाधिकारों के लिए एकजुट करने के प्रयास जारी रखेगा। आइए! 2024 को, उन सभी चीज़ों में विश्वास और आशा पैदा करने का वर्ष बनाने का संकल्प लें, जिन्हें हम साथ मिलकर पूरा कर सकते हैं।

अब सवाल यह है की महासचिव की बात को लोग गंभीरता से लेते हैं की हवा-हवाई बनाकर उड़ा देते हैं। जो भी हो, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के सचेतन मन सकारात्मक विश्व के निर्माण की दिशा में आह्वान कर रहे हैं। उस अच्छी पृथ्वी की संकल्पना कर रहे हैं जिसमें शुद्ध हवा, शुद्ध मन, शुद्ध विचार प्रवाहित हों। शांति कायम हो। सतत विकास लक्ष्य हासिल हो सकें। ये देश जो संप्रभुता के भयंकर अहंकार में पागल हुए जा रहे हैं, उन्हें सचेत करने की कोशिश निश्चय ही मानवाधिकारों के लिए अहम हैं। यदि 2023 में भय, रक्तपात और युद्ध से हमें गाजा को विस्मरण करा रहे हों और यूक्रेन व रूस के संकट भी हम भूल रहे हों तो एंटोनियो गुटेरेस की उस दर्द भरी पुकार व अंतर्मन की पीड़ा को महसूस कर लेना चाहिए। यह हम सभी मनुष्यों के हित के लिए आह्वान है। 2024 को सँवरकर और सँवारकर चलने की आवश्यकता है। वरना हमने करोड़ों के आँखों में आँसू लाने का प्रयास पूरे वर्ष किया है। लाखों बेघर हुए। लाखों विस्थापित हुए। लाखों शरणार्थी बने। ये सब अनागरिक होकर जी रहे हैं। अनागरिक लोगों के अंतःकरण से पूछें तो पता चलेगा की अनागरिक होकर दूसरे देश में शरणार्थी बनकर कैसा जीवन होता है। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार का वर्ष 2023 का पुरस्कार मिला है वे अपने क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे थे। वर्षों से उन आवाजों को उठा रहे थे जिनकी कोई नहीं सुनता है। अब 2024 यह हमसे मांग कर रहा है की मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए आगे आइए और हमारी आवाज़ में अपनी आवाज़ को शामिल कर हमारे हक़ की रक्षा कीजिए। स्वयंसेवी संस्थाएं, सेवभावी लोग, आमजन के हितैशी, करुणाशील लोग व राज्य आप सब हमारे साथ आओ और हमारी आवाज़ बनो। यह संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगांठ के सेलिब्रेशन का है तो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सक्षम प्राधिकारी नागरिकों के हित के लिए आगे आइए।

समय के सापेक्ष अगर चल सको और सचेतन मन से कुछ कर सकने का साहस हो, तो 2024 का यह वर्ष हमसे यह मांग कर रहा है की इस वर्ष सभी मानवाधिकारों के लिए सजग नागरिक बनकर सजग मानवाधिकार से परिपूर्ण समाज का निर्माण करें। वैयक्तिक सुख का त्याग करके यदि समष्टिगत चिंता करने वाले व्यक्ति, समुदाय, राज्य विश्व में व्याप्त आज की चुनौतियों का सचेतन मन से सामना करेंगे तो एक ऐसे भविष्य के हम निर्माता बन सकते हैं जो हमारे सुख व शांति के कारक बनें। वर्ष 2023 की अनचाही घाव को भरने में सफलता मिलेगी। यदि हमारी सद-इच्छाएं हमारे साथ होंगी तो हम अपनों की पीड़ाओं को जरूर कम कर सकेंगे। उन्हें आशा दे सकेंगे। लोकतांत्रिक स्वातंत्र्य का एहसास दे सकेंगे।

(लेखक राष्ट्रपति के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

शशिधर खान



# पूर्वोत्तर में शांति के लिए शुभ नव वर्ष

नया साल पूर्वोत्तर शांति के लिए शुभ माना जा सकता है, क्योंकि 2023 समाप्त होते-होते असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में 40 वर्षों से हिंसा का पर्याय बने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के साथ त्रिपक्षीय समझौता शांति के एक नए युग की शुरूआत है। नेशनल सोसलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम (एनएससीएन - आई एम) को छोड़ दें तो उल्फा के साथ शांति समझौते के बाद पूर्वोत्तर में हिंसा और अलगाववाद पर आधारित उग्रवादी का लगभग खात्मा हो गया है । नगालैंड और मणिपुर में सक्रिय एनएससीएन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे मजबूत और खूंखार उग्रवादी गुट उल्फा का नेटवर्क असम ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर तक पसरा हुआ था । इसलिए उल्फा के साथ शांति समझौता सही माएने में ऐतिहासिक और बहुत बड़ी उपलब्धि है । एनएससीएन की तरह उल्फा के साथ भी सशस्त्र बलों की बदौलत और वार्ता के जरिए भी किसी नतीजे पर पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा था । एनएससीएन के स्वतंत्र संप्रभु नगालिम की मांग भारत की आजादी के समय से चली आ रही है । कुछ मुट्ठी भर अड़यिल नगा नेताओं की अव्यावहारिक हठधर्मी भारतीय संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत इस अलगाववादी गुट को आने नहीं दे रही है। लेकिन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के अस्तित्व में आने की कहानी 1980 के दशक के असम छात्र आंदोलन के समय से जुड़ी हे। हिंसा की बदौलत 'स्वाधीन असोम'की मांग भारत सरकार से मनवाने के लिए 1979-80 में उल्फा की नींव रखी गयी । असम छात्र आंदोलन की आड़ में यह ऐसा उग्रवाद पनपा, जिसे भारत राष्ट्र से अलग 'स्वाधीन असोम'चाहिए था, जहां असमिया के अलावे कोई अन्य न रहे ।

यह अच्छा संयोग रहा कि 29 दिसंबर को दिल्ली में हुए त्रिपक्षीय समझौते के समय उल्फा के संस्थापक अरविंद राजखोबा मौजूद थे, जो अभी-भी उल्फा के प्रमुख हैं । समझौते पर हस्ताक्षर करनेवाले को अन्य उल्फा नेता अनूप चेतिया और सशाधर चौधुरी भी संस्थापकों में से हैं । यह त्रिपक्षीय समझौता केंद्र, राज्य सरकार और उल्फा नेताओं के बीच हुआ है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण तथा शुभ यह है कि ये लोग हिंसा छोड़कर भारतीय संवैधानिक दायरे के अंतर्गत राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने को राजी हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का इस समझौते को 'ऐतिहासिक'और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 29 दिसंबर को असम का 'स्वर्ण दिवस'कहना सही है । 2009 में बांग्लादेश से प्रत्यर्पण संधि के बाद इन उल्फा नेताओं को भारत लाया गया । पहले कुछ दिन हिरासत में रखा गया, फिर शांति वार्ता शुरू हुई । 2011 से शांति वार्ताओं की जानकारी आने लगी। खुफिया अधिकारियों के प्रयास विफल होने के बाद असम के गणमान्य नागरिकों की भी मदद मिल गयी, जिसमें प्रख्यात असमिया लेखिका ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता इंदिरा गोस्वामी भी शामिल थी । मगर कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला । उल्फा हमले से निबटने के लिए सेना और केंद्रीय बल तैनात रहे, वार्ता विफल होने की खबरें आती रही । लेकिन वर्ष 2019 से 2023 के दौरान यह पक्का पता नहीं चल पा रहा था कि उल्फा से वार्ता जारी भी है या नहीं।

इस अर्थ में भी यह समझौता ऐतिहासिक है, कि वार्ता मजमून का खुलासा एक ही बार तब हुआ, जब उल्फा नेताओं को केंद्र के वार्ताकार हस्ताक्षर के लिए दिल्ली लेकर पहुंचे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उत्तर पूर्व में शांति और विकास के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं । इस दौरान 9 शांति समझौते उल्लेखनीय हैं, जो पूर्वोत्तर शांति वार्ता में कई दशकों से रोड़े थे । 2019 में इसकी शुरूआत त्रिपुरा के एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) से हुई । उसके बाद 2020 का बोडो और ब्रू समझौता, 2021 में कर्बी एंग्लोंग, 2022 का आदिवासी समझौता के अलावे मणिपुर के सबसे पुराने उग्रवादी गुट युनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ समझौता (2023) गिनाया जा सकता है। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद कई वर्षों से हिंसक झड़पों का कारण बना हुआ था। 2023 में इस पर भी केंद्र ने राज्य सरकारों में सहमति बनायी। शुरू से ही वार्ता विरोधी उल्फा संस्थापकों में से एक परेश बरूआ के बारे में कोई पक्की सूचना नहीं है कि वह अपनी हिंसक गतिविधियां म्यांमार से चलाता है या बांग्लादेश से। परेश बरूआ पर शिकंजा कसने के लिए इस बात को ध्यान में रखना होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय एक कमिटी बनाकर उल्फा की मांगों पर विचार करेगी। कई नगा गुटों से भी केंद्र का संघर्षविराम चल रहा है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2024 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सबके लिए खुशी लाए



सभी को नये साल की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2024 सभी के लिए खुशियां, शांति और समृद्धि लाए। आइए हम समावेशी और सतत विकास में योगदान देने की नई प्रतिबद्धता के साथ नये साल का स्वागत करें।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### समृद्धि लाए नव वर्ष



सभी को 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए समृद्धि, शांति और बेहतर स्वास्थ्य लाए। यह वर्ष सभी के जीवन में समृद्धि लाए। विकसित भारत तथा आत्मनिर्भरता की भावना को 2024 में भी बनाए रखें।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रोजगार की गारंटी दें



इस नववर्ष से सरकार केवल 'रोज़गार की गारंटी' सुनिश्चित कर सच्ची देशभक्ति व राजधर्म का निर्वहन करे। इस संसदीय चुनाव वर्ष में जनहित व जनकल्याण को समर्पित बहुजनों के उम्मीदों की सर्वजन हितैषी सरकार बनाएं, लोगों से यही पुरजोर अपील। -मायावती, पूर्व सीएम

### नए लक्ष्य पाने का अवसर



मैं नव वर्ष के मौके पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 2024 सभी लोगों के लिए खुशी, शांति व समृद्धि लेकर आए।नव वर्ष हमें नए अवसरों को तलाश करने की उम्मीद तथा नए लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा देता है।

-वाईएस जगनमोहन रेड्डी, सीएम

## करंट अफेयर


# जरूरत पड़ने पर अमेरिका का नामोनिशान मिटा दे : किम



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका 'नामोनिशान मिटा' देना चाहिए। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया ने बताया कि इसके साथ ही किम ने अमेरिकी नेतृत्व वाले अभूतपूर्व टकराव से निपटने के लिए राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने का संकल्प जताया है। अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के विस्तार के जवाब में उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में इस तरह की बयानबाजी तेज कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले तक उत्तर कोरिया इस तरह की बयानबाजी और हथियारों का परीक्षण जारी रख सकता है। पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए है। सेना के कमांडिंग अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक में किम ने देश के परमाणु हथियारों के संदर्भ में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा की खातिर 'सबसे कीमती हथियार' को हमले के लिए तैयार रखना जरूरी है।

## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है



दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो - अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ - आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### टाइगर लॉजिस्टिक्स को एचपीसीएल से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** टाइगर लॉजिस्टिक्स (इंडिया) को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) से एक परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया, 'यह उपलब्धि पेट्रो क्षेत्र में अवसर तलाशने की राह तैयार करती है। इससे हमें अपना विस्तार करने और लॉजिस्टिक्स व्यवसाय में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी।' कंपनी ने हालांकि परियोजना से जुड़ी वित्तीय लेनदेन की जानकारी साझा नहीं की।

### कुमार ने संभाला डीवीसी के चेयरमैन का पदभार

**कोलकाता।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी एस सुरेश कुमार ने सोमवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया। डीवीसी ने बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार इससे पहले नेताजी सुभाष प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के महानिदेशक थे। कुमार नवंबर, 2019 से अप्रैल, 2023 तक पश्चिम बंगाल सरकार के बिजली विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव भी रह चुके हैं।



### सोना 63,920 रुपए प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी की कीमत भी 78,500 रुपये प्रति किग्रा पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद से अपरिवर्तित रुख को दर्शाता है।



# चीनी वर्चस्व को भारत की चुनौती से पैदा होंगे निवेश के अवसर

## महिंद्रा समूह के चेयरमैन ने कहा, भारत देगा चीन के दबदबे को चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि दुनिया आपूर्ति शृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देखना चाहती है जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे।

महिंद्रा ने नववर्ष पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कई दशकों से प्रतीक्षित उछाल भरने के लिए तैयार है और मनचाहे उत्पादों की पेशकश कर सकने वाली कंपनियों को नए साल में बढ़ती मांग को पूरा करने की खूबसूरत चुनौती का सामना करने में खुशी होगी।

### विनिर्माण क्षेत्र में आएगा बड़ा उछाल

यह 2024 में एक बड़ा मौका है। इससे उछाल को रफ्तार मिलेगी। भारत में निवेश अभूतपूर्व मात्रा में आने वाला है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल हासिल करने का अवसर भारत के सामने है और इसे दोनों हाथों से लपकना चाहिए। वहीं दीर्घकालिक रूप में नवोन्मेषण की क्षमता भारतीय अर्थव्यवस्था को उछाल देने का काम करेगी।



### कंपनियों को उत्पादन बढ़ाना होगा

महिंद्रा ने कहा, 'आने वाले समय में जो भी कंपनी खूबियों एवं कीमत के लिहाज से ग्राहकों की पसंद के उत्पाद पेश कर पाएंगी, उन्हें मांग पूरा करने के लिए अपना उत्पादन बढ़ाने की खुशनुमा चुनौती का सामना करना होगा।'

चेयरमैन ने नए साल को नई शुरुआत के लिए खास अवसर बताते हुए कहा, इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि पिछला साल कितना खराब रहा है, मानवीय प्रेरणा हमेशा उम्मीद का दामन थामती है। वर्ष 2023 में संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी के बाद के सुधार में आई सुस्ती हावी रही।

इस साल का समापन नया जोश भरने की चाहत के साथ हुआ। महिंद्रा समूह के मुखिया ने नए साल को नया अध्याय एवं आशावाद एवं नई शुरुआत का अवसर बताते हुए कहा, वैश्विक स्तर पर दुनिया चाहती है कि भारत आपूर्ति शृंखला में चीन के वर्चस्व को चुनौती देने वाला एक भरोसेमंद विकल्प बने।


### सीबीडीटी ने चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक के आंकड़े जारी किए

# इस वित्तीय वर्ष में अब तक 8.18 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न भरा

## दिसंबर 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 8.18 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। जबकि एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। सीबीडीटी ने बयान में कहा कि यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भरे गये कुल आयकर रिटर्न से नौ प्रतिशत अधिक है। बयान के अनुसार, आलोच्य अवधि के दौरान कुल 1.60



पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 1.43 करोड़ था। सीबीडीटी ने कहा, ''समय पर अनुपालन को लेकर आयकर विभाग करदाताओं और कर पेशेवरों है आर आकलन वर्ष 2023-24 में 21 दिसंबर तक 8.18 करोड़ आईटीआर भरे गये। एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आईटीआर भरे गये थे।''

### ज्यादातर आंकड़े पहले से भरे हुए

इसमें कहा गया है कि करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाने के लिए वेतन, ब्याज, लाभांश, व्यक्तिगत जानकारी, टीडीएस से संबंधित सूचना सहित ज्यादातर आंकड़ें पहले से भरे हुए थे।

### ई-फाइलिंग पोर्टल चालू किया गया

इसमें कहा गया है कि इस सुविधा का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया। इसके कारण आईटीआर को आसानी से और तेजी से दाखिल किया जा सका। इसके अलावा, इस वित्त वर्ष के दौरान ओएलटीएएस भुगतान व्यवस्था की जगह एक डिजिटल ई-पे टैक्स भुगतान मंच - टीआईएन-दो को ई-फाइलिंग पोर्टल पर पूरी तरह से चालू किया गया है।

# नए साल के पहले दिन शेयर बाजार में हल्की शुरुआत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में नये साल के पहले दिन की शुरुआत कुछ हल्की रही और बीएसई सेंसेक्स 32 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में ऊर्जा, सेवा और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में कुछ तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स हल्की शुरुआत के बाद 31.68 अंक की बढ़त के साथ 72,271.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकॉर्ड स्तर 72,561.91 अंक तक गया। निफ्टी भी 10.50 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 21,741.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। बीते वर्ष 2023 में बीएसई सेंसेक्स 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत और निफ्टी 3,626.1 अंक यानी 20 प्रतिशत मजबूत हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, प्रमुख शेयर सूचकांकों में उतार-चढ़ाव रहा। इसका कारण यह है कि वैश्विक संकेतक के



अभाव में कारोबारी कोई निर्णय करने की स्थिति में नहीं दिखे। एशियाई और यूरोपीय बाजार सोमवार को नये साल के मौके पर बंद रहे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मामूली बढ़त में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 1,459.12 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रहा था

# जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.64 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।
एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इसके साथ ही अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच




गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपये के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने बयान में कहा, दिसंबर में एकत्रित सकल जीएसटी राजस्व 1,64,882 करोड़ रुपये है, जिसमें से सीजीएसटी 30,443 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37,935 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84,255 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 41,534 करोड़ रुपये सहित) है।


### उपकर के रूप में 12,249 करोड़ संग्रह

इसके अलावा उपकर के रूप में 12,249 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 1,079 करोड़ रुपये सहित) का संग्रह हुआ है। खास बात यह है कि दिसंबर इस साल का सातवां महीना है जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ है।

# सरकार ने बफर स्टॉक के लिए अब तक 25 हजार टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए अबतक 2023 के खरीफ सत्र में उगाए गए 25,000 टन प्याज की खरीद की है।

सरकार बफर स्टॉक बनाए रखने और घरेलू उपलब्धता को बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए प्याज की खरीद कर रही है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बफर स्टॉक लक्ष्य को बढ़ाकर सात लाख टन कर दिया है, जबकि पिछले साल का वास्तविक स्टॉक तीन लाख टन का था। सचिव के अनुसार, सरकार ने पिछले साल के रबी सत्र में पांच



लाख टन प्याज खरीदा था और बफर स्टॉक लक्ष्य बढ़ाए जाने के कारण दो लाख टन खरीफ प्याज खरीद रही है। उन्होंने बताया, ''अबतक मंडियों से लगभग 25,000 टन खरीफ प्याज की खरीद की जा चुकी है और आगे खरीद जारी है।''

### आरके त्यागी ने पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

**गुरुग्राम।** रवींद्र कुमार त्यागी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सीपीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले, वह कंपनी के निदेशक (प्रचालन) के रूप में कार्यरत थे। उनके पास विद्युत क्षेत्र के अग्रणी सीपीएसयू में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य करने का 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। उन्होंने पावरग्रिड के विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे एसेट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, बिजनेस डेवलपमेंट (घरेलू और विदेशी), टेलीकॉम, लोड डिस्पैच एंड कम्युनिकेशन, एनटीएएमसी, डीएमएस आदि में बहु-विषयक कार्य संभाला है और पावरग्रिड के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख भी रहे हैं।

*__एचएफसीएल को मिला 1,127 करोड़ का ठेका__ नई दिल्ली। एचएफसीएल लिमिटेड को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से 1,127 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। इस ठेके के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी के अखिल भारतीय नेटवर्क के ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क (ओटीएन) के बुनियादी ढांचे को बदलने का काम किया जाएगा।*

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### नए साल की पूर्व संध्या पर ऑर्डर में बड़ी वृद्धि देखी गई

# जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट ने तोड़े ऑर्डर के सारे रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खानपान एवं जरूरत के सामान की ऑनलाइन बिक्री करने वाले जोमैटो, ब्लिंकिट और स्विगी जैसे मंचों पर आने वाले ऑर्डर में नए साल की पूर्व-संध्या पर बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई। इन त्वरित आपूर्ति मंचों के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नए साल की पूर्व-संध्या पर मिले ऑर्डर के रुझानों के बारे में यह जानकारी दी। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने अपने पोस्ट में कहा कि नए साल की पूर्व-संध्या पर उनके मंच को 2015-2020 के दौरान नव-वर्ष की पूर्व-संध्या पर संयुक्त रूप से मिले ऑर्डर जितने ऑर्डर मिले। गोयल ने इसे दिलचस्प आंकड़ा बताते हुए कहा कि जोमैटो भविष्य को लेकर उत्साहित है।




### एक दिन में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर

जोमैटो के स्वामित्व वाले त्वरित वाणिज्य आपूर्ति मंच ब्लिंकिट के सह-संस्थापक एवं सीईओ अलबिंदर ढींढसा ने एक पोस्ट में कहा कि इसे एक दिन में अबतक के सबसे अधिक ऑर्डर और प्रति मिनट ऑर्डर मिले।


### स्विगी इंस्टामार्ट पर प्रति मिनट ऑर्डर रहा

कपूर ने कहा, 'स्विगी इंस्टामार्ट पर ऑर्डर प्रति मिनट (ओपीएम) अब तक का सबसे अधिक है। यह विश्व कप फाइनल के दौरान हमारे पिछले उच्चतम स्तर से 1.6 गुना अधिक है।' स्विगी पर इस दौरान बिरयानी के 4.8 लाख से अधिक ऑर्डर मिले और प्रति मिनट 1,244 पकवान के ऑर्डर दिए गए।

### विश्व कप के ऑर्डर को भी पीछे छोड़ा

ऑनलाइन आपूर्ति मंच स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''नववर्ष की पूर्व-संध्या ने स्विगी फूड एंड इंस्टामार्ट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। टीम के साथ इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती!'' कपूर ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि स्विगी इंस्टामार्ट पर क्रिकेट विश्व कप फाइनल के दौरान मिले ऑर्डर को भी पीछे छोड़ दिया।


## शब्द पहेली - 5382



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -5381 का हल



## सूडोकु नवताल - 5392

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# डेविड वार्नर ने 'टेस्ट' के बाद 'वनडे' से भी लिया संन्यास, खेलते रहेंगे टी20

एजेंसी ▶▶| सिडनी

दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था।



### खेलता रहूंगा लीग मैच

वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप 2023 के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनियाभर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।'

### 161 वनडे मैच में 45.30 की औसत से बनाए 6932 रन



### वार्नर के नाम पर दो वनडे विश्व कप खिताब

दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे कॅरियर का आगाज किया था।



### कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध से आगे बढ़ गया

'जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण से अलग तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन मुझे लगता है कि निक (हॉकले, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी) ने इसे बोर्ड के सामने रखने की पूरी कोशिश की और फैसला किया गया और मैं इससे खुश हूं। मैं उससे आगे बढ़ चुका हूं।मुझे आईपीएल, आईएलटी20 में नेतृत्व करने के अवसर मिले हैं। मैंने अपनी नेतृत्व भूमिकाओं का आनंद लिया है।लेकिन हाल के वर्षों में मैंने सीखा है कि नेतृत्व का मतलब कप्तान या उप-कप्तान बनना नहीं है। मेरे लिए, मैं इस टीम में नेतृत्व करता हूं। आपको अपने नाम के आगे कप्तान या उप कप्तान लिखवाने की जरूरत नहीं है। उस पूरे दौर में अपने पूरे करियर पर विचार करते हुए मुझे कोई पछतावा नहीं है क्योंकि जब आप आगे बढ़ेंगे तो आपके सामने बहुत सारी बाधाएं आएंगी। रास्ते में बाधाएं आएंगी लेकिन आपको आगे बढ़ना होगा और मैंने सम्मान के साथ ऐसा किया है।'

### वनडे में 22 शतक

वार्नर ने अपने कॅरियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली।

### 111 टेस्ट में 26 शतक

वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं।

### विश्व कप टीम में जगह मिलने की उम्मीद

वार्नर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द रोकेंगे : दीप्ति

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं जिनमें वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी 2007 को चेन्नई में हराया था।

### पेट्रा क्वितोवा ने कहा- मां बनने वाली हूं

**प्राग।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने नए साल में घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं।



क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'वर्ष 2024 के पहले दिन मैं आपको नए साल की बधाई देती हूं और एक रोमांचक खबर आपके साथ साझा कर रही हूं कि मैं और जिरी इन गर्मियों में अपने परिवार में बच्चे का स्वागत करेंगे।' क्वितोवा ने जुलाई 2023 में अपने कोच जिरी वानेक से शादी की थी। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर हैं। वह 2011 और 2014 में विंबलडन चैंपियन बनी थी।

### जोकोविच ने सर्बिया को दिलाई चीन पर जीत

**पर्थ।** नोवाक जोकोविच ने पर्थ में एक दशक के बाद पहला मैच खेलते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में सर्बिया को चीन पर 2-1 से जीत दिलाई। जोकोविच ने



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के इस शहर में इससे पहले अपना अंतिम मैच 2013 में होपमैन कप में खेला था। जोकोविच ने एकल मैच में झांग झिझेन को 6-3, 6-2 से हराया और फिर ओल्गा डेनिलोविच के साथ मिलकर निर्णायक मिश्रित युगल में झेंग क्विनवेन और झांग के खिलाफ 6-4, 1-6, 10-6 से जीत दर्ज की। झेंग ने इस बीच डेनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर चीन को बराबरी दिलाई थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में चेक गणराज्य को 3-0 से हराया था लेकिन अब सर्बिया भी ग्रुप ई से आगे बढ़ने की दौड़ में शामिल हो गया है।

### वॉ ने दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और



भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टी20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए कमजोर टीम का चयन किया है।


## क्रिकेट : दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है टीम इंडिया

# केपटाउन में तेज गेंदबाजों को मिलेगा उछाल, कल से भारत-अफ्रीका में जंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

31 साल बाद साउथ अफ्रीका की धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का सपना तो चकनाचूर हो चुका है। केपटाउन में रोहित शर्मा की कप्तानी में अब भारतीय टीम टेस्ट सीरीज का अंत बराबरी पर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। 3 जनवरी से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। भारतीय टीम की अच्छी खबर यह है कि रविंद्र जडेजा पूरी तरह से फिट हो चुके हैं। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका की टीम सेंचुरियन की तरह दमदार खेल केपटाउन में भी दिखाना चाहेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला जाना है। केपटाउन के इस ग्राउंड पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहता है। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से फास्ट बॉलर्स कहर बनकर टूटते हैं। यही वजह है कि इस मैदान पर काफी कम टेस्ट मैचों का नतीजा ड्रॉ के रूप में आता है। बल्लेबाजों के लिए केपटाउन में रन बनाना काफी मुश्किल काम रहता है।





### कोहली ने किया बर्गर अभ्यास शॉर्ट गेंदबाजों से जूझे अय्यर

*केपटाउन। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए। नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे।*

### क्या कहते हैं आंकड़े?

केपटाउन के इस मैदान पर अब तक कुल 60 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें से 23 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 25 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। पहली पारी में एवरेज स्कोर 325, दूसरी में 292, तीसरी में 234 और चौथी इनिंग में 163 रहा है। यानी चौथी पारी में बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

### टीम में लौटेंगे जडेजा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजरी के चलते पहला टेस्ट मिस करने वाले रविंद्र जडेजा की दूसरे टेस्ट में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। जडेजा प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाते हुए नजर आए थे। जड्डू ने बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। जडेजा के आने से टीम इंडिया का स्पिन विभाग और बैटिंग ऑर्डर दोनों मजबूत होगा। हालांकि, जड्डू के लिए आर अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह बनानी होगी।

# पोलैंड ने यूनाइटेड कप में स्पेन को 2-1 से हराया, नार्वे भी जीता



एजेंसी ▶▶| सिडनी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को सोमवार को यहां स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई। एलेजांद्रो डेविडोविच फ़ोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज़ को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद स्वियाटेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। स्वियाटेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

इस बीच कैस्पर रूड ने क्रोएशिया के खिलाफ एकल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज करके नॉर्वे की क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। डोना वेकिच ने मैलेन हेल्गो को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। रूड ने फिर बोर्ना कोरिच को 6-4, 6-1 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में पहुंचा दिया, जिसे नॉर्वे ने टाईब्रेकर में जीता।

## भारत के लीगों में रैफरिंग में जवाबदेही की जरूरत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने सोमवार को आईएसएल और आईलीग में रैफरिंग के स्तर पर बरसते हुए कहा कि जवाबदेही की सख्त जरूरत है। चौबे ने रविवार को एक वर्चुअल बैठक में रैफरिंग का स्तर बेहतर करने के तरीकों पर बात की।



रैफरिंग से जुड़े मसलों पर चिंता जताते हुए चौबे ने कहा कि इससे जुड़े लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। आईएसएल के सात मैचों में 24 और आई लीग में चार मैचों में विवादित फैसले देखने को मिले। चौबे ने कहा, 'इस सत्र में रैफरी के फैसलों को लेकर काफी चिंताएं जताई गई हैं। क्लबों ने अपने दावों की पुष्टि के लिए वीडियो साक्ष्य जमा किए हैं। रैफरियों की गलती से कई मैच प्रभावित हुए और अब इसमें जवाबदेही तय होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धी विकास के चलते एआईएफएफ पिछले एक साल से रैफरियों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# ओसाका की मां बनने के बाद सफल वापसी

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया, लेकिन पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के 21 वर्षीय खिलाड़ी और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त



बेन शेल्टन को रोमन सफीउलिन से 6-3, 6-7 (5), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न में 14 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल काफी महत्व रखता है।

## भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज

# हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई। पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा।

भारत ने वनडे श्रृंखला से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे। इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ



पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

### क्षेत्ररक्षण सबसे बड़ी चिंता

*भारतीय टीम के लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम को इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान का फरवरी 2007 के बाद से नहीं हरा पाई है और अगर उसे हार का यह सिलसिला खत्म करना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच मजूमदार ने पुष्टि की कि स्नेह राणा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो वह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा।*

## नीरज के बाद किशोर और मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल कर दिया गया है।

मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी



के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के तीन खिलाड़ियों का शीर्ष छह में शामिल होना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत के अब सात खिलाड़ी एआईयू के आरटीपी में शामिल हो गए हैं।





## घर से बाहर निकलकर लोगों ने बचाई जान

# भूकंप और सुनामी से थर्राया जापान, लोगों ने आपदा का किया डटकर मुकाबला

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

इशिकावा प्रान्त के नोटो क्षेत्र में समुद्र में 5 मीटर तक लहरें उठने का अनुमान है। लोगों को जल्द से जल्द ऊंचे स्थानों या पास की इमारत की ऊपरी मंजिलों पर चले जाने के लिए कहा गया। बिजली घरों के बंद होने के दावा किया गया है। निगाटा प्रान्त, टोयामा प्रान्त, यामागाटा प्रान्त, कागा इशिकावा प्रान्त, फुकुई प्रान्त और उत्तरी ह्योगो प्रान्त में जोएत्सु, चुएत्सु, काएत्सु और सादो के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। भूकंप के झटके से सड़क पर दरारें पड़ गईं। कई लोगों के घर ढह गए। ट्रेन सेवाएं भी रोक दी गई हैं। परमाणु संयंत्र बंद होने से करीब 34000 घरों की बिजली गुल हो गई।

### भूकंप से हालात

समंदर में उथल-पुथल, पत्तों की तरह हिली ट्रेनें, जमीन पर आई दरार

भारतीय दूतावास ने जारी किए इमरजेंसी नंबर, 34000 घरों की बिजली गुल

### कितनी तीव्रता कितनी खतरनाक?

कोई भूकंप कितना खतरनाक है? इसे रिक्टर स्केल पर मापा जाता है। भूकंप में रिक्टर पैमाने का हर स्केल पिछले स्केल के मुकाबले 10 गुना ज्यादा खतरनाक होता है।

- 0 से 1.9 की तीव्रता वाले भूकंप का पता सिर्फ सीज्मोग्राफ से ही चलता है।
- 2 से 2.9 की तीव्रता का भूकंप आने पर हल्का कंपन होता है।
- 3 से 3.9 की तीव्रता का भूकंप आने पर ऐसा लगता है जैसे मानो बगल से कोई ट्रक गुजर गया हो।
- 4 से 4.9 की तीव्रता के भूकंप में खिड़कियां टूट सकतीं हैं। दीवारों पर टंगे फ्रेम गिर सकते हैं।
- 5 से 5.9 की तीव्रता वाले भूकंप में घर का फर्नीचर हिल सकता है।
- 6 से 6.9 की तीव्रता वाला भूकंप इमारतों की नींव को दरका सकता है, ऊपरी मंजिलों को नुकसान पहुंच सकता है।

### खतरनाक सुनामी की लहरें उठने की आशंका

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, निगाटा और टोयामा वहीं प्रान्त के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी की है। 5 मीटर तक ऊंची सुनामी पहुंच गई है। अमेरिकी एजेंसी के मुताबिक भूकंप केंद्र के 300 किमी के दायरे में जापान तट पर खतरनाक सुनामी की लहरें उठने की संभावना है। इशिकावा प्रान्त में वाजिमा शहर के तट पर 1 मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठीं।

### रूस और उत्तर कोरिया में सुनामी की चेतावनी

रूस ने भी सुदूर पूर्व में स्थित सखालिन द्वीप के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने उत्तर कोरिया और रूस के सुदूर पूर्व के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है।

### 3 घंटे में लगे 30 झटके, बिखरा सामान

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक स्टोर में आलमारियों में रखे गए सामान कैसे भूकंप के कारण भरभरा कर गिरने लगे। वीडियो में भूकंप से घबराए लोग बचने और छिपने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोग भय से घरों से बाहर निकल कर बैठे हैं। कई इलाकों में सड़कों में भी बड़ी दरारें आ चुकी हैं। पिछले 3 घंटों में मध्य जापान में 30 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनकी तीव्रता 3.6 से 7.6 तक रही है।

### सबसे खतरनाक भूकंप 2011 में

*बता दें कि जापान, "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित है, यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। 11 मार्च, 2011 को जापान के उत्तरपूर्वी तट पर 9.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे बड़े पैमाने पर सुनामी आई, 18,000 से अधिक लोग मारे गए। 1900 के बाद से दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा भूकंप था।*

## खबर संक्षेप

### हमास ने इजराइल पर 20 रॉकेट दागे

**गाजा पट्टी।** नए साल की पहली सुबह सोमवार को फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के



आतंकवादियों ने इजराइल पर करीब 20 रॉकेट दागे। हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। हमास ने कहा है कि उसकी अल-कसम ब्रिगेड जायोनी नरसंहार के जवाब में तेल अवीव शहर और उसके बाहरी इलाके में 'एम90' रॉकेटों से बमबारी कर रही है। इस संघर्ष की शुरुआत पिछले साल 7 अक्टूबर को हुई थी। हमास के सैकड़ों आतंकवादियों ने इजराइल में घुसकर नरसंहार करने के बाद 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था।

### पाक में आधी रात को फायरिंग, 30 जख्मी

**कराची।** पाकिस्तान में नए साल के मौके पर कार्यक्रम में आधी रात को जबरदस्त हवाई फायरिंग की गई।



इससे 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। कराची पुलिस ने फायरिंग के लिए जिम्मेदार 65 लोगों को गिरफ्तार किया है। घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल है, उन्हें शहर के जिन्ना पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल सेंटर, डॉक्टर रूट सिविल हॉस्पिटल कराची और अब्बासी शहीद अस्पताल में ट्रीटमेंट के लिए भर्ती कराया गया। कराची शहर में फायरिंग फायरिंग के ज्यादातर मामले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट से सामने आए हैं।

## बैठक की अध्यक्षता करेंगे अमित शाह

# जम्मू में जीरो टेरर पॉलिसी कानून व्यवस्था की स्थिति सुरक्षा जैसे मुद्दों पर फोकस

### बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी रहेंगे मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक आज मंगलवार को नई दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह कर सकते हैं। जीरो टेरर पॉलिसी, कानून व्यवस्था की स्थिति और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में गृहमंत्री सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश में विकास पहलों की समीक्षा करेंगे।

गृहमंत्री एरिया डोमिनेशन प्लान, जीरो टेरर प्लान, कानून व्यवस्था की स्थिति, यूएपीए से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के पुलिस महानिदेशकों के अलावा गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर के संबंधित अधिकारी भी शामिल होंगे।



- 28,400 करोड़ के परिव्यय और 2021 में औद्योगिक विकास पर चर्चा

### औद्योगिक विकास की परियोजनाओं पर चर्चा

केंद्र ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 28,400 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 2021 में जम्मू और कश्मीर के औद्योगिक विकास के लिए एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना अधिसूचित की थी। गृहमंत्री केंद्र शासित प्रदेश की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर सकते हैं। साल 2022-23 के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में 2153.45 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ। 2023-24 में नवंबर 2023 तक 2326.65 करोड़ रुपए वसूली की गई है। गृहमंत्री ने पिछले साल 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर इसी तरह की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी। उन्होंने कहा था कि सभी सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही हैं।

### 13 अप्रैल को भी की थी समीक्षा बैठक

साथ ही उन्होंने पिछली बैठक में कहा था कि आतंकवादियों के समर्थन और सूचना तंत्र को खत्म करने के लिए 360 डिग्री सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा। मंत्री ने पिछले साल 13 अप्रैल को केंद्र शासित प्रदेश नई दिल्ली की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक भी की थी, जिसमें सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई थी।

## राजस्थान में 15 जनवरी तक डेजर्ट साइक्लोन-2024 का आयोजन

# आज से भारत और यूएई के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूएई के बीच मंगलवार 2 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2024 आयोजित किया जाएगा। यह सैन्य अभ्यास राजस्थान के जैसलमेर में होने जा रहा है। बता दें डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात मित्रता के सशक्त संबंधों को साझा करते हैं। ये संबंध दोनों देशों के बीच के सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक आदान-प्रदान पर आधारित हैं। रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (सेना) के सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में एक वीडियो शेयर करते हुए जानकारी दी गई है। ये वॉर एक्सरसाइज दोनों देशों के बीच काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि इस दौरान दोनों देशों की सेनाएं शहरी ऑपरेशंस में अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के सबसे बेहतर तरीके शेयर करेंगे और सीखेंगे।

### खास बातें

- भारतीय नौसेना भी कर चुकी हैं संयुक्त युद्धाभ्यास
- श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना

*डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है।*

*दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध*

*भारतीय सेना ने वीडियो शेयर कर दी भूकंप की जानकारी*



### 2008 में किया था पहला संयुक्त युद्धाभ्यास

भारत और यूएई के बीच पहला संयुक्त एयर फोर्स अभ्यास सितंबर 2008 में अबुधाबी के अल-धफरा बेस पर आयोजित हुआ था। इसके साथ ही अबुधाबी में होने वाली द्वि-वर्षीय इंटरनेशनल डिफेंस ऐग्जीबिशन में भारत हिस्सा लेता आ रहा है। दरअसल, बीते कुछ सालों में भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग खासा मजबूत हुआ है। रेग्युलर एक्सचेंज प्रोग्राम के अलावा डिफेंस ट्रेनिंग और डिफेंस इन्वेंटरी की सप्लाई के मामले में दोनों देशों के संबंध काफी बेहतर हुए हैं।

### इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए महत्वपूर्ण अभ्यास

*सूत्रों ने बताया कि हाल ही में इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए इस युद्धाभ्यास को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शहर में अगर दुश्मन घुस आए तो उससे किस तरह से निपटा जाए। आतंकी कहीं छिपे हैं तो उनसे किस तरह तकनीक का सहारा लेकर उनको खत्म किया जाए।*
*आसमान से ही घरों में छिपे दुश्मन को नेस्तनाबूद करना, रणनीति व सिद्धांतों पर जानकारी साझा करना आदि कई तरह के शहरी ऑपरेशन इस दौरान किए जाएंगे।*
*ताकि यदि दोनों में देशों में इस तरह कि सिचुएशन हो तो उससे किस तरह से निपटा जाए आदि पर दोनों सेनाएं अपना अपना युद्ध कौशल साझा करेंगी।*

### 1972 में राजनयिक संबंध

*दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक संबंधों की शुरुआत साल 1972 में हुई थी। यूएई ने 1972 में दिल्ली में अपना दूतावास शुरू किया था। वहीं, भारत ने अबुधाबी में साल 1973 में अपना दूतावास खोला था। द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी बीते दिनों में काफी मजबूत हुए हैं। इसे देखते हुए इस अभ्यास को काफी अहम माना जा रहा है।*

### बीते वर्ष भी दोनों देशों का संयुक्त युद्धाभ्यास आईएनएस त्रिखंड ने लिया हिस्सा

इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी परिचालन में बेस्ट प्रैक्टिस और साझा करके अंतरसंचालनीयता (इंटरऑपरेशनबिलिटी) को बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बीते वर्ष अगस्त में दोनों देशों की नौसेना एक संयुक्त युद्धाभ्यास कर चुकी है। इस युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना के आईएनएस विशाखापत्तनम और आईएनएस त्रिखंड ने हिस्सा लिया था।

## श्रम कानून का उल्लंघन करने पर कोर्ट ने सुनाई सजा

# बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस दोषी करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेशी नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को सोमवार को देश के श्रम कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया गया है। प्रासीक्यूटर खुर्शीद आलम खान ने कहा कि प्रोफेसर यूनुस और उनके तीन ग्रामीण टेलीकॉम सहयोगियों को श्रम कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया है और 6 महीने के कारावास की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि अपील लंबित रहने तक चारों को तुरंत जमानत दे दी गई है। इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताकर प्रचारित किया गया है।

### लाखों लोगों की मदद, पीएम से रिश्ते अच्छे नहीं

83 साल के मोहम्मद यूनुस को अपने माइक्रोफाइनेंस बैंक के साथ लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का क्रेडिट दिया जाता है, लेकिन



प्रधान मंत्री शेख हसीना के साथ उनके रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं। शेख हसीना उनके ऊपर 'गरीबों का खून चूसने' का आरोप लगाती रही हैं। शेख हसीना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित 2006 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के खिलाफ कई तीखे हमले किए हैं। अर्थशास्त्री यूनुस और उनके द्वारा स्थापित कंपनियों में से एक ग्रामीण टेलीकॉम के तीन सहयोगियों पर श्रम कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप है, हालांकि वह इससे इनकार करते रहे हैं। मोहम्मद युनूस के लिए बराक ओबामा सहित कई नोबल विजेता ने समर्थन जताया है। जब मोहम्मद यूनुस सितंबर में सुनवाई के लिए गए तो एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सरकार पर श्रम कानूनों को हथियार बनाने का आरोप लगाया था।

## जयशंकर जाएंगे नेपाल, पीएम प्रचंड का ऐलान

# भारत और नेपाल करेंगे एक दीर्घकालिक बिजली समझौता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि इसी सप्ताह होने वाली भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की यात्रा के दौरान भारत और नेपाल एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।



### प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान बनी थी सहमति

नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान लंबी अवधि के लिए बिजली समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत नेपाल से अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के लिए सहमत हुआ है। प्रचंड का कहना है कि नेपाल पनबिजली सेक्टर में बड़ा बदलाव ला रहा है। नेपाल इस समय भारत को 450 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है।

## एनआईए ने छापेमारी कर की पूछताछ, साजिश का खुलासा

# दूतावासों पर हमला बोलने वाले 43 की पहचान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा स्थित भारतीय दूतावास पर हुए हमलों के मामलों में भारत को बढ़त मिली है। भारत ने हमलों में शामिल 43 संदिग्धों की पहचान की है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने इन संदिग्धों की पहचान क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से की गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारतीय राजनयिक मिशनों पर हमला मामले को अपने हाथों में ले लिया था। हमलों के सभी 43 संदिग्धों की पहचान भी एनआईए ने ही किया है। एनआईए ने अलग-अलग 50 जगह छापेमारी की और करीब 80 लोगों से पूछताछ की है।

### कार्रवाई में 94% रही सजा की दर

एनआईए ने वर्ष 2023 में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ 68 मामले दर्ज करके 1000 से अधिक छापे मारे। 625 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि 74 आरोपियों की दोषसिद्धि के साथ 94.70 प्रतिशत सजा की दर भी एक उपलब्धि रही। ओटावा और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोगों और सैन फ्रांसिस्को में महावाणिज्य दूतावास पर हमलों के बाद कई जगहों पर छापे मारे थे। इसमें आपराधिक अतिक्रमण, बर्बरता और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को 43 संदिग्धों की पहचान की गई। मिशनों पर हमलों के पीछे की साजिश को उजागर करने के प्रयासों के तहत 50 छापे और तलाशी ली गई।

## स्थानीय लोगों संग ली चाय की चुस्की, डांस कर उठाया लुत्फ, गले मिलकर दी बधाई

# सेना के जवानों का एलओसी से सटे गांवों में न्यू ईयर सेलिब्रेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल की पूर्व संध्या पर लोग जश्न में डूबे रहे। 31 दिसंबर की आधी रात से नए साल की शुरुआत होने के साथ इसकी धूम पाक बॉर्डर से लगी नियंत्रण रेखा पर भी देखी गई। भारतीय सेना के जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गांवों में उत्सव मनाया। देर रात नियंत्रण रेखा पोस्ट की सुरक्षा और गश्त पर लौटने से पहले जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ गर्म चाय की चुस्की ली। साथ ही भोजन और डांस किया। सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास बसे चुरुंडा गांव में रविवार को कड़ाके की ठंड के दौरान करीब 4 बजे न्यू ईयर सेलिब्रेशन की शुरुआत हुई।



### घर से दूर रहने वाले सैनिकों को मिलता है जश्न का मौका

गांव के सरपंच लाल दीन खटाना ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समस्याओं को दूर करने और आनंद लेने में मदद मिलती है. हम नियंत्रण रेखा पर जीरो प्वाइंट पर सेना के साथ मिलकर नए साल का जश्न मनाते हैं। यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है और हम कामना करते हैं कि यह परंपरा भविष्य में भी बरकरार रहे। घर से दूर रहने वाले सैनिकों को जश्न मनाने का मौका मिलता है।



### समस्या होने पर मदद के लिए आती है सेना

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता लाल हसन कोहली ने कहा कि जरूरत के समय में नागरिक सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए हैं। नए साल का जश्न कार्यक्रम सेना की ओर से ही आयोजित किया गया था। मैं इसके लिए सेना को बधाई देता हूं और धन्यवाद देता हूं।

### सेना की वजह से प्रवेश नहीं कर पाता दुश्मन

*सामाजिक कार्यकर्ता कोहली ने कहा कि दुश्मन को हमारे क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने देने के लिए स्थानीय लोग सेना के आभारी हैं। हम सभी महत्वपूर्ण दिन सेना के साथ मनाते हैं। गणतंत्र दिवस नजदीक है और फिर अगस्त में हमारा स्वतंत्रता दिवस है। सैनिक गांव में शादी समारोह में भी शिरकत करते हैं।*

## मोहम्मद मुइज्जू बुरे फंसे

# परंपरा से हटकर... भारत से पहले चीन जाने की तैयारी में मालदीव के राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पहले भारत दौरे की सालों पुरानी परंपरा तोड़ने की तैयारी में हैं। मालदीव के नए राष्ट्रपति जल्द ही चीन का दौरा कर सकते हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन अगर मोहम्मद मुइज्जू अगर ये चीन दौरा करते हैं तो यह पहली बार होगा जब मालदीव का लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति भारत से पहले चीन का दौरा करेंगे। साल 2008 से ही मालदीव का सभी राष्ट्रपति पहले भारत आते रहे हैं। इनमें भारत के विरोधी माने जाने वाले नेता मोहम्मद वाहिद और अब्दुल्ला यामीन का नाम भी शामिल है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109